तापमान

अधिकतम 44.5 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 मई 2026




गौरव पथ मिनी माता नगर में पानी की समस्या के चलते टैंकर से सप्लाई की जा रही है।



## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, तखतपुर चितावर निवासी शंभूराम सिंगरौल परिवार के साथ मंगला धूरीपारा में रहते थे। 21 मई को वह अपनी पत्नी गुलाबा सिंगरौल को लेकर छट्ठी कार्यक्रम में तखतपुर गए थे। लौटते समय खम्हरिया के पास उनकी बाइक के दूसरे बाइक के चालन ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी।

# बिजली विभाग का टोल नंबर दे रहा समाधान के नाम पर झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट मीटर लगने के बाद दो माह बिल नहीं पटाने पर सीधे लाइन काटी जा रही है, लेकिन उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने में विभाग नाकाम साबित हो रहा है। वहीं बंद की शिकायत के लिए बनाया गया टोल नंबर 1912 लोगों के साथ मजाक करने में आमदा है।

दरअसल तोरवा क्षेत्र के लालखदान क्षेत्र में बीती रात बिजली बंद की समस्या रही, उपभोक्ता ने 12 बजे फ्यूज कॉल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन नंबर बिजी टोन पर रहा, जिसके बाद टोल फ्री नंबर 1912 में शिकायत दर्ज कराई गई। कंम्प्लेन आई 5915697 दर्ज करने के बाद रात भर बिजली नहीं आई, लेकिन सुबह 5 बजे बिजली की समस्या का समाधान मैसेज मोबाइल पर प्राप्त हो गया। जबकि इस दौरान उपभोक्ता के साथ ही पूरे इलाके की बिजली बंद थी। इस दौरान उपभोक्ताओं को रात भर रतजगा करना पड़ा, वहीं सुबह बिना बिजली के समाधान का मैसेज प्राप्त होने पर बड़ी पीड़ा का अनुभव करना पड़ा, जिसके बाद उपभोक्ता ने बिजली विभाग की करतूत को फेसबुक पर सांझा किया। यह पहला मामला नहीं है, रोजाना उपभोक्ताओं के साथ बिजली विभाग को टोल फ्री नंबर मजाक कर रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी है।

फोन करें 1912

## नेहरू नगर कार्यालय का ग्रामीणों ने किया घेराव



लोखंडी गांव के लोगों ने बिजली समस्या को लेकर एक बार फिर नेहरू नगर कार्यालय का घेराव कर दिया, शनिवार को 20 से अधिक लोग सहायक यंत्री के कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने कहा कि पिछले 1 हफ्ते से पूरा क्षेत्र बिजली की समस्या से परेशान है, हर बार अधिकारियों को सूचना दी जा रही है लेकिन ना तो केबल बदला गया है और ना ही ट्रांसफार्मर की खराबी ठीक की गई है। बताया जा रहा है कि लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर बार बार खराब हो रहा है।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में मुख्य विद्युत कार्यालय तिफरा का होगा घेराव

बेलतरा विधानसभा सहित पूरे बिलासपुर जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में सोमवार 25 मई की सुबह 11 बजे मुख्य विद्युत कार्यालय तिफरा का घेराव किया जाएगा।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही एवं बदहाल व्यवस्था के खिलाफ अब जनता सड़क पर उतरने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि कुम्भकरणीय नींद में सोए बिजली विभाग को जगाने के लिए यह जनआंदोलन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे।

## आसमान से बरस रही आग, 44.5 डिग्री पहुंचा पारा, रात तक चलती रही लू





### एसी, कूलर काम नहीं कर रहे

तापमान बहुत अधिक होने के कारण एसी और कूलर भी लोगों को ठंडक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। लोगों के घरों में दिन रात एसी और कूलर चल रहे हैं, जिससे ट्रांसफार्मरों पर लोड अधिक पड़ रहा है और बिजली बंद हो रही है। गर्मी अधिक होने से सबसे अधिक परेशानियों का सामना बाइक से सड़कों पर चलने वालों को करना पड़ रहा है। हीटवेव के कारण सड़कों पर ट्रैफिक कम होता जा रहा है।

# देश के सबसे गर्म शहरों में बिलासपुर चौथे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तापमान का पारा हर रोज रिकार्ड तोड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों की तरह शनिवार को भी सुबह से आसमान से अंगारे बरसते रहे, दोपहर तक तापमान 44.5 डिग्री पहुंच गया। रात तक लू के थपेड़े लोगों को हलाकान करते रहे। इधर एक्यूआई द्वारा जारी किए गए सबसे गर्म शहरों में बिलासपुर का नाम भी शामिल किया गया है, इसके अनुसार देश के 50 गर्म शहरों में बिलासपुर शहर चौथे स्थान पर है।

आसमान से बरस रही आग अब लोगों को झुलसने पर मजबूर कर रही है,सुबह 8 बजे से ही आसमान की ओर निहारना मुश्किल हो चुका है, तीखी किरणें सीधे भू मंडल की सतहों को गर्म कर रही है, यही कारण है कि सुबह 11 से शाम 8 बजे तक लू के थपेड़े चल रहे है। इस दौरान बिना सुरक्षा के धूप में बाहर निकलना लोगों के लिए मुसीबत लेकर आ रहा है। शनिवार को शहर का तापमान 44.5 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन लोगों के मोबाइल पर सड़क किनारे पारा 47 डिग्री दिखने लगा, जिसे लोगों को गर्मी के सितम का अंदाजा लग गया।

वहीं शुक्रवार को एक्यूआई द्वारा जारी किए 50 गर्म जिलों में पहला स्थान नाम उड़ीसा के बालांगीर, दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र के चंदरपुर, तीसरे नंबर पर यूपी का प्रयागराज शामिल है। वहीं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर को सूची में चौथा स्थान मिला है, साथ ही 5वें नंबर पर महासमुंद जिला और 7 वें नंबर पर दुर्ग जिला है। इस सूची में छत्तीसगढ़ के 5 जिले शामिल हैं।

# कोनी थाने के मुंशी कक्ष में गिरफ्तार कबाड़ी को मिला वीआईपी ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी के निर्देश पर शुक्रवार की रात पुलिस ने जिले के 40 कबाड़ियों की दुकानों और गोदामों को सील किया, शनिवार को कोनी क्षेत्र की दो कबाड़ी दुकानों की जांच कबाड़ियों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन मुंशी कक्ष में कबाड़ियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया। कबाड़ी मुंशी व मददगार के सामने दोनों पैर कुर्सी में रखकर आराम से चाय नास्ता व ब्रांडेड पानी पीता रहा। उसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।





कुर्सी पर दोनों पैर रखकर चाय नाश्ता करता रहा

22 मई को एसएसपी रजनेश सिंह ने जिले के कबाड़ी दुकानों की जांच कर सख्ती से कार्रवाई का आदेश दिया गया। उसके बाद पुलिस की अलग अलग टीम ने देर रात तक जिले के 19 कबाड़ी दुकानों में दबिश देकर संदिग्ध 40 कबाड़ी दुकानों को सील कर दिया था। 23 मई को कोनी पुलिस ने छोटी स्थित दो कबाड़ी दुकानों की जांच कर लगभग 3 क्विंटल कबाड़ जब्त कर कबाड़ी अकबर खान, मंसूर बेग को गिरफ्तार कर थाने में लाकर मुंशी कक्ष रखा। दोनों कबाड़ी मुंशी व मददगार के सामने बकायदा कुर्सी पर बैठे रहे। उनकी आवभगत के लिए चाय नाश्ता, ब्रांडेड पानी की बोतल मंगाई गई। कबाड़ी अकबर खान दोनों पैर कुर्सी पर रखकर आराम से चाय नाश्ता करता रहा। उसे रोकने टोकने वाला थाने में कोई नहीं था। वीआईपी ट्रीटमेंट देने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।


An ISO 9001-2000 Certified School | Affl. to CBSE, New Delhi (Affl. No. : 3330020)

Gyan Ganga Educational Academy

Estd. 1992 GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY

34 Years of Excellence

IIT-JEE, NEET COACHING

AFTER SCHOOL HOURS

TIME - 03:30 PM to 08:00 PM

Exclusively For Hostellers

**Premium Coaching - By Allen Career Institute**
After school hours, students will receive premium coaching.

**Only 30 Seats Available**
Limited intake to ensure personal attention & focused mentoring.
Secure your seat early to be part of this premium batch.

**Perfect Synchronous Perfect Success**
The syllabus will be in perfect synchronisation between school and Allen. What is taught in coaching will be in tune with school academics.

**Hurry! Batch Starting from 15th June'26**
Hurry! Batch Starting soon
Admissions closing soon as classes commence from 15th June.
Don't miss the chance to start your preparation on time.



One Campus, Endless Opportunities

Note: We do not promote any dummy scheme.
This is genuinely an after-school activity conducted after regular school hours.

Vidhan Sabha Marg, Nardaha, RAIPUR (C.G.)

+91 0771-2284716, 2284816 www.gyangangaraipur.in


### अवैध उत्खनन : 1 हाइवा 6 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**बिलासपुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं खनिज उप संचालक के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिला में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत शनिवार को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा कछार, लोफन्दी, सेंदरी, निरतु, लखराम, गढ़वत, खैरखुंडी, लोखड़ी, तुरकाडीह, सकरी क्षेत्र की जांच की गई। जांच के दौरान कछार क्षेत्र में खनिज रेत का उतखनन करते एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया गया। सेंदरी क्षेत्र में रेत का उतखनन करते 3 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। लोखड़ी क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 1 हाइवा को जब्त किया गया।

# नए एलपीजी कनेक्शन पर रोक से बढ़ी आम लोगों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के चलते कोई भी नए कनेक्शन पर आयल कंपनियों ने एक तरह से रोक लगा रखी है, नए कनेक्शन के लिए लोग वेटिंग में हैं। कनेक्शन नहीं मिलने से शादी, शिफ्टिंग एवं नए परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

वर्तमान में पहले की तरह आसानी से रसोई गैस सिलेंडर मिल नहीं रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में रिफलिंग के लिए 25 दिनों बाद नंबर लगाने और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों में नंबर लगाने का नियम बना दिया गया है। रिफलिंग के लिए निर्धारित अवधि के बाद नंबर लगता है उसके बाद दो-चार दिन सिलेंडर घर तक पहुंचने में लग जाता है, इसलिए कई पुराने उपभोक्ता भी किल्लत को देखते हुए और नए कनेक्शन लेने गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। इसके अलावा शादी में भी नव दंपती को रसोई गैस चूल्हा, सिलेंडर दिया जाता है ताकि वे अपना नया परिवार शुरू कर सकें, लेकिन विवाद वालों को भी नया एलपीजी कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। ट्रांसफर आदि कारणों से दूसरे जगह शिफ्टिंग करने वाले भी नया कनेक्शन नहीं ले पा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल और गैस सप्लाई को लेकर बढ़े तनाव का असर अब घरेलू रसोई तक पहुंचने लगा है। बिलासपुर की कई गैस एजेंसियों में नए एलपीजी कनेक्शन के आवेदन नहीं मिल रहे हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है। शादी, किराए के मकान में शिफ्टिंग और नए परिवार बनने जैसी परिस्थितियों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

- **कोई भी एलपीजी कंपनी नहीं दे रही कनेक्शन**
- **शादी के अलावा शिफ्टिंग करने वाले नए परिवारों की मुश्किलें बढ़ी**

### शिफ्टिंग, शादी वालों की बढ़ी दिक्कत

नौकरी एवं पढ़ाई के कारण दूसरे शहरों में शिफ्ट होने वाले परिवारों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। किराए के मकान में रहने वाले लोगों को नया कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। कई मामलों में किरायानामा और बिजली बिल सत्यापन की प्रक्रिया लंबी खींच रही है। इससे लोगों को रसोई गैस के लिए कई सप्ताह तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसी तरह शादी के बाद नए घर में रहने जा रहे दंपतियों के लिए भी स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।



### कनेक्शन ट्रांसफर का विकल्प

ऐसे में बड़ी संख्या में उपभोक्ता पुराने गैस कनेक्शन को परिवार के दूसरे सदस्य के नाम ट्रांसफर कराने का विकल्प अपना रहे हैं। इंडेन, भारत गैस व एचपी गैस कंपनियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया को आसान बनाया है, लेकिन एजेंसी स्तर पर दस्तावेजों की जांच और मंजूरी में समय लग रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि नए कनेक्शन बंद होने जैसी स्थिति बनने से घरेलू व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### पश्चिम एशिया लड़ाई का असर

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय गैस सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। इसके बाद तेल कंपनियों ने मौजूदा उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सिलिंडर उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इसी वजह से नए कनेक्शन सीमित किए जाने की चर्चा तेज हो गई है। गैस एजेंसियों में अब लोग पुराने कनेक्शन ट्रांसफर कराने के लिए पहुंच रहे हैं।

### ऑनलाइन ट्रांसफर से राहत की उम्मीद

गैस कंपनियों ने ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से कनेक्शन ट्रांसफर की सुविधा दी है। परिवार के सदस्य, पति-पत्नी या माता-पिता के नाम वाले कनेक्शन को दूसरे सदस्य के नाम पर बदला जा सकता है। इसके लिए आधार कार्ड, पता प्रमाण, मोबाइल नंबर और रिश्ते से जुड़े दस्तावेज जरूरी हैं। एजेंसियों में बढ़ती भीड़ के बीच अब अधिकतर लोग डिजिटल प्रक्रिया का सहारा ले रहे हैं।

### नहीं दे रहे नए कनेक्शन

एलपीजी कंपनियों द्वारा फिलहाल नया गैस कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। पश्चिम एशिया में जो परिस्थितियां निर्मित हुई है उसी समय से नए कनेक्शन बंद है। क्योंकि रसोई गैस सिलेंडर को लेकर जो स्थिति बनी उसके बाद लोग और नए कनेक्शन लेने पहुंच रहे थे और कंपनियां भी अभी नए उपभोक्ता बनाना नहीं चाह रही है।

**- हेमप्रकाश साहू**
नोडल अधिकारी, इण्डेन कंपनी


सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल

आशीर्वाद

लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय

ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण

अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान





डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा

आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर

फोन : 07752-402070, 228277,

मो. : 9826190123, 9669979123

# JGI THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL

(A Division of the Jain Group of Institutions, Bangalore)
(A Day- Cum- Residential School)

# CELEBRATING A REMARKABLE STREAK OF CONSECUTIVE IMPRESSIVE BOARD EXAMINATION RESULTS



MEHAR SALUJA
97.8%
Grade 10 th

VIJAY KUMAR MARKAM
95.6%
Grade 12 th

AADYA AGRAWAL
97.4%
Grade 10 th

ADMISSIONS OPEN 2026



## GRADE 10TH RESULTS

| Name | % |
|---|---|
| AADYA AGRAWAL | 97.4% |
| MEERA SINHA | 97.2% |
| PARSHVA TEJANI | 96.2% |
| ABHISHEK TRIVEDI | 95.8% |
| JAYANT SHRIVASTAVA | 94.6% |
| YOGITA GEMNANI | 94.2% |
| NISHITA DEWANGAN | 93.6% |
| GITESH AGRAWAL | 93.6% |
| SONAM SAMANTA | 93.4% |
| OMKAR PATEL | 93.2% |
| AANYA AGRAWAL | 92.6% |
| ADWITA AGRAWAL | 92.2% |
| SHIVEDITA SINGH | 92% |
| ABHIJAY S. THAKUR | 91.6% |
| DARSHEEL JAIN | 91.6% |
| BHAVESH KHANDEY | 91.2% |
| SHWETA VISHWAKARMA | 91.2% |
| AVNI DWIVEDI | 91% |
| MANAW AGRAWAL | 91% |
| SRIJAN MITTAL | 91% |
| ISHANT PANDA | 90.6% |
| SUHAVI SALUJA | 90.4% |
| DIVYANSHU SAHU | 90.2% |
| BHABYA BHAGAT | 90.2% |
| NAVYA K. CHHABRA | 90.2% |

## GRADE 12TH RESULTS

| Name | % |
|---|---|
| VIPUL SONI | 94.8% |
| AMAR AGRAWAL | 94% |
| AARYA AGRAWAL | 93% |
| RAJ AGRAWAL | 92.8% |
| AADITYA DHIR | 92.8% |
| TANMAYA SAHOO | 92.2% |
| SHUBHAM SONI | 92% |
| MAHI BANSAL | 91.8% |
| ADHYA MITTAL | 91.4% |
| AAYUSHI KATHURIA | 91.2% |
| CHAHAT GOYAL | 90.8% |
| ANUSHKA SHARMA | 90.6% |
| HARMAN HURA | 90.4% |
| ARAV AGRAWAL | 90.2% |
| PRANIT KAR | 90% |

## Our Facilities

- **Advanced Sports Facilities:** Horse Riding / NCC / ARMY / Weapon Training / Firing Range / Archery.
- University of Cambridge ESOL Qualification.
- Special Academic Labs (Psychology, Maths and Digital Language Labs).
- **Security & Safety:** CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary.
- Digital Library.
- Trinity School of Music, London and Bhatkhande Music Qualifications.
- Shooting Range • Art Room.
- French as Foreign Language.
- **AI, Robotics & Coding** Classes for Better Foundation
- Indoor multipurpose training hall for sports and games

## SCHOLARSHIP OPPORTUNITY UPTO 100%

• Behavioral & Career Counselling
• Psychometric Test • Disc Test
• Career Guidance aligned with selected streams

CAMBRIDGE
LAUNCHING INTERNATIONAL EDUCATION
IGCSE : UPPER SECONDARY
& CAMBRIDGE ESOL

## SPORTS AND ACTIVITIES





SWIMMING




Visit our website: tjisedu.in or contact us at:• Mob.: **9584461666, 9584461668, 9993589494**
Mungeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG) 495 003 · **Tel: (07752) 283281-85**

AdPRAYAS

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 24 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## भागवत कथा जीवन को सत्य मार्ग पर ले जाने का दिव्य माध्यम



**बिलासपुर।** पुरुषोत्तम धार्मिक मास के मौके पर श्री झूलेलाल मंगलम तिफरा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान सिंधी युवक समिति के सदस्यों ने संतों से आशीर्वाद लिया और कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जीवन को सत्य मार्ग पर ले जाने का दिव्य माध्यम है। ऐसी कथाओं से संस्कृति, संस्कार एवं मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। पुरूषोत्तम मास पर देश भर में पूजा पाठ, कथा सत्संग, कीर्तन एवं दान पुण्य का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में रेलवानी परिवार बिल्हा ने श्री झूलेलाल मंगलम तिफरा में 17 से 23 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया। आचार्य डॉ रामविलास चतुर्वेदी ने भागवत कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर संत गोपाल दास ने भी भक्तों को शुभ आशीष दिया। अमर बजाज, मनीष लाहोरानी, अमित संतवानी, मुकेश मूलचंदानी, सुनील लालवानी ने कथा का रसपान कर व्यास पीठ में बैठे आचार्य का स्वागत कर उनसे आशीर्वाद लिया।

आयोजन

## रासेयो स्वयंसेवकों ने कोपरा में लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प



**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड ने बिलासपुर वन मंडल के सहयोग से राज्य की प्रथम रामसर साइड कोपरा जलाशय में विविध आयोजन किया। जिसमें पीएनएस महावि रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लेकर प्रकृति और हरियाली संरक्षण का संकल्प लिया। पीएनएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके शर्मा एवं मोना केंवट के दिशा निर्देश में स्वयंसेवक दीपिका खुसरो, वैभव जांगड़े, परितोष कोन्हेर ने प्रकृति संरक्षण में सहभागिता प्रदान की। पक्षी अवलोकन, प्रकृति व्याख्या, प्लास्टिक मुक्त कोपरा व स्वच्छता अभियान, सीड बाल निर्माण, जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। कोपरा जलाशय प्रकृति संरक्षण संतुलन और हरित भविष्य का प्रतीक है। इस मौके पर डॉ प्रसून सोनी रूरल डेवलपमेंट जीजीयू, कोपरा की महिलाओं एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## पुरुषोत्तम मास पर लोहाणा समाज ने किया छाछ का वितरण



**बिलासपुर।** श्री लोहाणा समाज बिलासपुर द्वारा पवित्र पुरुषोत्तम मास के अवसर पर अपने आराध्य संत श्री जालाराम बापा के वचनों को ध्यान में रखते हुए सेवा कार्य के तहत छाछ का वितरण किया गया। राम राम में लीन हैं, देखत सब में राम, ताके पद वंदन करूं, जय-जय श्री जालाराम..इन्हीं प्रेरणादायी वचनों को आत्मसात करते हुए हर किसी में राम है, राम से बढ़कर कुछ नहीं है, की भावना के साथ समाज के सभी सदस्यों ने इस भीषण गर्मी में राहगीरों एवं आमजनों के लिए छाछ वितरण किया। कार्यक्रम में ललित पुजारा, पंकज ठक्कर, पराग कोटेचा, शशिकांत सचदेव, हरु जोबनपुत्रा, हिमांशु नाथवाणी, मितल ठक्कर, शिवा कानाबार, हार्दिक पोपट, दर्पण, श्रेयांश बराई, राजू ठक्कर, किशोर कक्कड़, शशिभाई, राजेश पोपट, कपिल सचदेव, भरत कक्कड़, मेहुल कक्कड़, राम कक्कड़, भाई जय ठक्कर, कविता बेन पुजारा, भूमिका बेन पोपट, भाविका बेन कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

# यूपीएससी प्रीलिम्स में पहली बार फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम



**संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा रविवार 24 मई को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। इस बार परीक्षा में पहली बार फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम लागू किया गया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।**

**मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग भी की जाएगी**

- अंतिम 30 मिनट ने बाथरूम जाने की नहीं होगी अनुमति, कड़ी सुरक्षा रहेगी।
- सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा आज, 14 केन्द्रों में 4870 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रशासन का कहना है कि इससे फर्जी अभ्यर्थियों और गड़बड़ी की संभावनाओं पर रोक लगेगी। सभी केंद्रों में प्रवेश के दौरान मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की जाएगी और प्रत्येक केंद्र में कम से कम पांच पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। परीक्षा से एक दिन पहले सभी केंद्रों में जैमर भी लगाए जाएंगे, ताकि किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार या नकल की संभावना न रहे।

प्रशासन ने परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। एक समय में दो अभ्यर्थियों को वॉशरूम जाने की अनुमति नहीं होगी, वहीं परीक्षा के अंतिम 30 मिनट के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को वॉशरूम जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि सभी केंद्राध्यक्ष इन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पहली पाली के लिए सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के लिए दोपहर 2 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य गेट बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम आधा घंटा पहले केंद्र पहुंचना होगा।

### मोबाइल, स्मार्ट वॉच व बैग प्रतिबंधित

परीक्षा हॉल में केवल काले रंग की बॉल पेन, ई-एडमिट कार्ड, फोटोयुक्त पहचान पत्र, पारदर्शी पानी की बोतल और पासपोर्ट साइज फोटो ले जाने की अनुमति होगी। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ, डिजिटल वॉच, बैग, पर्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। केवल वही वस्तुएं केंद्र में ले जाने की अनुमति होगी, जिनका उल्लेख एडमिट कार्ड में किया गया है।

### इस प्रकार होगी फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया



केंद्र में प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा अधिकारी द्वारा बताए गए स्कैनर या कैमरे के सामने खड़ा होना होगा। डिवाइस अभ्यर्थी के चेहरे की लाइव तस्वीर कैप्चर करेगा। सॉफ्टवेयर लाइव तस्वीर का मिलान आवेदन फॉर्म में अपलोड फोटो से करेगा। पूरी प्रक्रिया में लगभग 8 से 10 सेकंड का समय लगेगा। चेहरा सफलतापूर्वक मैच होने के बाद ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया जाएगा। फेस ऑथेंटिकेशन के दौरान चेहरा साफ दिखाई देना चाहिए। टोपी, स्कार्फ या चेहरे को ढकने वाली किसी वस्तु का उपयोग नहीं करते हुए कैमरे की तरफ सीधा देकना होगा। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड के साथ मूल फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि साथ रखना अनिवार्य होगा।

### 500 मीटर दायरे में ध्वनि प्रदूषण पर रोक

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर दायरे में ध्वनि प्रदूषण और किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा पहली पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगी। जिले में इस परीक्षा में 4870 उम्मीदवार शामिल होंगे।

# बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन, दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**पीएम श्री उत्कृष्ट सेसेज उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला सरकंडा में गीता परिवार द्वारा प्रमिला माहेश्वरी पुणे के मार्गदर्शन व देखरेख में आयोजित नि:शुल्क बाल संस्कार व व्यक्तित्व विकास शिविर संस्कार सिंचन का समापन शनिवार को सूर्य नमस्कार व सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ।**

**कन्या शाला सरकंडा में चल रहे संस्कार सिंचन शिविर का समापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व प्रार्थना के साथ किया गया। इसके बाद मंचस्थ अतिथि महापौर पूजा विधानी, पार्षद अंचल दुबे, श्याम साहू, छात्रावास अधीक्षिका ममता तिवारी, व्याख्याता डीके चौबे, हेमंत गौरहा, राहुल कदम, गणेश का मोमेंटो, दुपट्टा से स्वागत किया गया। अतिथियों ने इस आयोजन को सराहनीय बताया और कहा कि आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि बच्चों में संस्कार के बीज बोया जा सके।

गीता परिवार की संस्था प्रभारी श्रीमती माहेश्वरी ने बताया कि 5 दिन के इस शिविर में 130 बच्चों ने भरपूर गर्मी में भी पूरी सक्रियता से भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान बनाना, उन्हें राष्ट्र चिंतन के लिए प्रेरित करना रहा। इस शिविर से प्रतिभागी बच्चों की एकाग्रता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गीता परिवार छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गीत गोविंद साहू, गीता परिवार बिलासपुर की अध्यक्ष कमला त्रिवेदी, सचिव कृति अग्रवाल सहित गीता परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अर्चना जोशी ने किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी। वर्षा थापा एण्ड टीम ने छत्तीसगढ़ी गीत-हमर सुघर छत्तीसगढ़...की धुन में पारंपरिक वेश में नृत्य पेश किया। कशिश शर्मा ने श्रीमद भगवत गीता का श्लोक पढ़ा। समृद्धि दीवान, प्रत्युशा शर्मा सहित अन्य बच्चों ने संस्कृत संभाषण देकर सभी का मन मोह लिया।



### कई बातों से किया गया सावधान

शिविर में बच्चों को लाठी, काठी एवं प्रज्ञा संवर्धन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रज्ञा संवर्द्धन के तहत योग, प्राणायाम कराया गया। इससे स्मरण शक्ति तेज होती है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। वहीं वर्तमान समय में सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए गए। बच्चे सोशल मीडिया से दूर रहें। माता-पिता से संवाद बनाए रखें। किसी अनजान व्यक्ति को फोन नंबर देने से बचे।



### गोपुरम का अनोखा प्रदर्शन

कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन व गोपुरम का पिरामिड अनोखा रहा। गोपुरम में प्रतिभागी बच्चों ने पिरामिड की तरह विभिन्न देवताओं की आकृतियां बनाई। छात्राओं ने मानव पुल निर्मित किया। गोपुरम यानी भगवान की मंदिर की आकृति होती है। इसके प्रतिभागी बच्चों में राखी शर्मा, प्रशांत दुबे, संजना, अंजनी, रानू, सुमन गंधर्व सहित अन्य बच्चे शामिल रहे।

**परीक्षा में सफल एकमात्र छात्रा है पूरे छत्तीसगढ़ से**



## कथक नृत्यांगना ज्योतिश्री का छात्रवृत्ति के लिए चयन

कथक नृत्यांगना कु. ज्योतिश्री बोहिदार वैष्णव का चयन प्रतिष्ठित युवा छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। यह चयन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली द्वारा संचालित "विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में युवा कलाकारों हेतु छात्रवृत्ति योजना 2025-26" के तहत हुआ है।

विशेष गौरव की बात यह है कि ज्योतिश्री पूरे छत्तीसगढ़ से इस कठिन परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने वाली एकमात्र छात्रा है। यह उपलब्धि न केवल उनके अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ एवं बिलासपुर के लिए भी सम्मान का विषय है। ज्योतिश्री ने कथक की शिक्षा कला विकास केंद्र बिलासपुर से कला गुरु पं. सुनील वैष्णव एवं वासंती वैष्णव के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। उन्होंने अपने उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शन एवं निरंतर साधना के माध्यम से रायगढ़ घराने की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया एवं बिलासपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर कला जगत, गुरुजन, परिवार एवं शुभचिंतकों में हर्ष है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

स्पोर्ट्स न्यूज

# प्री नेशनल सब जूनियर बेसबॉल कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों को किट वितरण

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में 16 से 22 मई तक आयोजित प्री नेशनल सब जूनियर बेसबॉल कोचिंग कैंप का समापन समारोह एवं किट वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया। यह कैंप 24 से 29 मई तक भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली 31वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता की तैयारी हेतु लगाया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की बालक एवं बालिका टीम भाग लेगी।

बेसबॉल संघ के सह सचिव अख्तर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप के दौरान खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना एवं मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया गया। समापन समारोह में प्रदेश बेसबॉल संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पलक जायसवाल, महासचिव सुश्री मिताली घोष, उपाध्यक्ष डॉ. कैरोलाइन सत्तूर, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा मिश्रा एवं सह सचिव अख्तर खान उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पलक जायसवाल ने कहा



कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता केवल एक खेल नहीं बल्कि अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने खिलाड़ियों को पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही होता है जो पूरे समर्पण और मेहनत के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे। उन्होंने खिलाड़ियों से एकजुट होकर टीम भावना के साथ खेलने एवं छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीतकर लौटने की अपेक्षा व्यक्त की। महासचिव सुश्री मिताली घोष ने कहा कि इस टीम का चयन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और कठिन परिश्रम के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर हर खिलाड़ी के लिए गर्व की बात होती है और सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ की टीम इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेगी। खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी लखन लाल देवांगन, संदीप गाहिरे, अंकुर राजक, नेहा यादव एवं भूमिका श्रीवास द्वारा फील्डिंग, हिटिंग, कैचिंग एवं मैच प्रैक्टिस का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर सभी चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता हेतु किट का वितरण भी किया गया।

बालिका टीम में रागिनी ध्रुव, सोनाली ध्रुव, आयुषी, चांदनी साहू, जयश्री, शालिनी मानिकपुरी, चैतली साहू, सुमन साहू, प्रियांशु, अदिति कुमारी, तृषा केसरी, खुशी, दिव्या, भूमि, दिव्या खिलेश्वरी निषाद, कामिनी एवं हर्षित मुकेश शामिल हैं। वहीं बालक टीम में उत्कर्ष, पंकज, चंद्रेश कुमार, शुभम सेन, आर्यन पटेल, मानस कुमार, कमल, आशीष जांगड़े, चमन, हर्षवर्धन राय, दीपक कुमार, अथर्व दीवान, आरव दीवान, बलिराम, संजू, चिंटू साहू, राहुल कुमार एवं साहिल दास का चयन किया गया है। टीम के कोच मैनेजर अख्तर खान, लखन देवांगन,चेतना देवलिया, पायल साखरे है। छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका बेसबॉल टीम बिलासपुर रेलवे स्टेशन से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गई है।



## ऑल इंडिया इंडोर आर्चरी ओपन टूर्नामेंट के लिए नीतीश गोवा रवाना

होली क्रॉस स्कूल, लाल खदान के होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्र नीतीश रत्नेश प्रथम ऑल इंडिया इंडोर आर्चरी ओपन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से गोवा के लिए रवाना हुए हैं। नीतीश रत्नेश इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कड़ी मेहनत और समर्पण के दम पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के अन्य युवाओं और खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। नीतीश ने अपनी लगन, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनके गोवा रवाना होने पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण, खेल प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष और शानदार प्रदर्शन की कमाना की है।

## समर कैंप से युवाओं को मिल रहा खेल और कला में प्रशिक्षण



एसएसपी रजनेश सिंह द्वारा स्कूल छुट्टी के दौरान बच्चों और युवाओं को नशा, मोबाइल और अपराध से बचाने और पुलिस से जुड़कर अपनी कला,खेल और मनोरंजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य कर अपनी सकारात्मक छवि बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं । आओ सवारें कल अपना अभियान चेतना अभियान अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य युवा और बच्चे वर्ग मोबाइल, नशा, आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में अच्छी और बेहतर कार्य कर सकें । आओ सवारें कल अपना के अंतर्गत लक्ष्मी बुटिक सेंटर एनआईटीआई आयोग गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष लक्ष्मीन कश्यप और टीम के साथ पुलिस परिवार की युवती व महिलाओं के लिए सिलाई और क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवीन पुलिस लाइन कार्यालय मनोरंजन कक्ष में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में 60 से अधिक महिला और युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता केरकेट्टा के द्वारा हैंडबाल के प्रशिक्षण के लिए यश शर्मा द्वारा 40 बच्चे को बॉल नेट और एक्सरसाइज के लिए सामग्री का वितरण किया गया। वॉलीबॉल के प्रशिक्षक के रूप में राजेन्द्र चन्द्रा द्वारा शिविर शुरू किया गया ।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस सेवादल ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**तखतपुर।** काठाकोनी कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर राजीव गांधी के तैलचित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप ताम्रकार ने कहा कि, राजीव गांधी आधुनिक भारत और भारत में सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर क्रांति का जनक माना जाता है। उन्हीं के प्रयासों से देश में दूरसंचार का तेजी से विस्तार हुआ। साथ ही युवाओं को मताधिकार प्रदान करने राजीव गांधी की सरकार ने 1989 में संविधान संशोधन कर मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी थी, जिससे देश के युवाओं को राजनीति में सीधा अवसर मिला। कार्यक्रम के बाद श्री ताम्रकार ने तखतपुर विधानसभा के ग्राम कुरेली, खजुरी, सकेत, लाखासर, सागर का दौरा किया। कार्यक्रम का संचालन परविंदर सिंह खेड़ा एवं आभार प्रदर्शन रोहित कौशिक ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता अमित मरकाम, बहोरन कौशिक, दिलीप खूंटे, संतोष यादव, दशरथ यादव, अशोक वैष्णव, हितेश सोनी, पुनाराम कश्यप, राजू यादव, भोलादास मानिकपुरी, राजेश्वर कश्यप, दुर्गेश मानिकपुरी, सूरज साहू, राकेश यादव, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

### मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किए जाएंगे प्रत्येक ब्लॉक के 5-5 ग्राम



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2026 के व्यापक पालन एवं जनजागरूकता पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान गीले और सूखे कचरे, सेनेटरी वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट को पृथक-पृथक रखने के लिए आमजन को लगातार जागरूक किया जाए। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा स्थापित केंद्रों के बेहतर संचालन के निर्देश दिए। साथ ही बल्क वेस्ट जनरेटरों का चिन्हांकन कर उन्हें एसडब्ल्यूएम रूल 2026 के तहत नियमों के पालन के लिए जागरूक करने को कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, जनपद पंचायत मुंगेली, पथरिया और लोरमी के सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बरगद की छांव में लगी किसान चौपाल



**मरवाही।** भारतीय किसान संघ द्वारा मरवाही में किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य एवं उनके समस्याओं के निराकरण के लिए किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माधो सिंह ठाकुर ने किसानों को संबोधित करते हुए जीवामृत एवं भट्टी खाद के माध्यम से प्राकृतिक खेती एवं लाभदायक आधुनिक खेती करने पर जोर दिया। इस अवसर पर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्या सुनी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामनारायण राय ने कहा कि हसदेव नदी के पानी को जिले के गांव गांव में नहर द्वारा पहुंचाने के लिए एवं जंगल से लगे गांवों में बांध बनाने के लिए सरकार को किसान संघ के माध्यम से अवगत कराएंगे ताकि जिले के किसानों की सिंचाई हेतु पानी की समस्या दूर हो सके। चौपाल में जिला मंत्री सीताराम कैवर्त, बीज प्रमुख चंदर लाल, प्रचार प्रमुख सावन राय, युवा प्रमुख माखन रजक, भारत लाल कैवर्त, संजय गुप्ता, निर्मल जायसवाल, नेंदलाल मार्को, त्रिवेणी गुप्ता, वैतमन कैवट, वेदप्रकाश चंद्रा, एवं मरवाही तहसील से अनेक किसान उपस्थित रहे।

### संगी मितान सेवा संस्थान ने की बुजुर्ग की मदद

**मुंगेली।** संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा जनकल्याण एवं मानव सेवा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। संस्था द्वारा सुरीघाट लोरमी रोड स्थित "प्रशामक वाह" का संचालन किया जा रहा है, जहां 60 वर्ष से अधिक आयु के असक्त, निराश्रित एवं जरूरतमंद बुजुर्गों की देखभाल के साथ उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में संस्था द्वारा एक मानसिक रूप से अस्वस्थ हितग्राही का रेस्क्यू कर बेहतर उपचार हेतु सेंदरी मानसिक चिकित्सालय रेफर किया गया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि ऐसे जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित वातावरण एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। संस्था ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं 60 वर्ष से अधिक आयु के असहाय, शारीरिक रूप से कमजोर अथवा बेसहारा बुजुर्ग दिखाई दें, तो उन्हें संस्था तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि उन्हें उचित देखभाल एवं सहायता मिल सके।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### ग्राम बंधौरी, भस्कुरा एवं दर्री में एक सप्ताह के भीतर लगेगा नया हैण्डपंप

# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ काम कर रही है सरकार: मरपची

हरिभूमि न्यूज ⏩ पेंड्रा

मरवाही विकासखण्ड के खंता पंचायत के ग्राम सपनी में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 18 ग्राम पंचायतों बगड़ी, बंधौरी, बरवासन, भस्कुरा, दर्री, धनपुर, डोंगरिया, गुढ़मदेवरी, गुम्माटोला, खंता, कोटखर्रा, लटकोनीखुर्द, महोरा, मझगंवा, मसुरीखार, मेंढुका, पड़खुरी एवं पिपरिया पंचायत के ग्रामीणजन ने उपस्थित होकर लाभ उठाया।

शिविर में विभिन्न राजस्व मामलों के साथ ही आवास, शौचालय, डबरी निर्माण, सीसी रोड, पशु शेड, राशन कार्ड सहित विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। विधायक प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के समक्ष विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया गया। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम बंधौरी के वार्ड नंबर 10, ग्राम भस्कुरा मरघट के पास एवं ग्राम दर्री में स्कूल पारा में एक सप्ताह के भीतर नया हैन्ड पंप स्थापित करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता पीएचई विभाग को दिए। विधायक श्री मरपची ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं शिविरों में पहुचकर जनमानस की मांगो एवं शिकायतों का समाधान कर रहे हैं। केन्द्र और राज्य में संवेदनशील सरकार द्वारा सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, बच्चों सहित समाज के सभी वर्गों की खुशहाली और बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं लागू कर जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है।



### बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की शपथ

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम पंचायत खंता एवं बरवासन को नल जल योजना का पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चार प्लंबरों को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत आयुषमान कार्ड, सिकलसेल कार्ड, छड़ी, पीएम आवास की चाबी एवं प्रमाण पत्र, मूंग बीज, जाल एवं क्रेटर, लर्निंग लाईसेंस, नोनी सुरक्षा एवं सुकन्या योजना के तहत बॉड पत्र एवं सहायक राशि का चेक वितरित किया गया। विधायक ने सभी को बाल विवाह मुक्त जिला एवं प्रदेश बनाने की शपथ दिलाई।

### 43 किसानों को मिला बी-1 खसरा

विधायक, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए सभी विभागीय स्टालों का अवलोकन किया और ड्राईविंग लाइसेंस, आयुषमान कार्ड, दवा वितरण, शुगर, बीपी जांच, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी, श्रमिक पंजीयन, ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूहों की उत्पादों की प्रदर्शनी आदि गतिविधियों का अवलोकन किया और विभागों से जानकारी प्राप्त किए। शिविर में चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं पांच बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। राजस्व विभाग द्वारा 24 किसानों को किसान किताब, 43 किसानों को बी-1 खसरा प्रदान किया गया।

## कोरी समाज के विद्यार्थियों रक्तवीरों का सम्मान



**बेलतरा।** कोटार वंश कोरी बुनकर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थी व रक्तवीरों का सम्मान समारोह 19 मई को मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल नेवसा में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी रहे व अध्यक्षता भगवत प्रसाद कोरी अध्यक्ष केंद्रीय कोरी समाज ने की। वहीं अति विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीकांत कोरी तहसीलदार सक्ती जांजगीर, सुमित्रा देवी कोरी अध्यक्ष महिला, कमला विजय साहू व उषा राजू कश्यप जनपद सदस्य, लक्ष्मी कश्यप, डॉ राजेश दुबे, राजकुमार कोरी, जीएस कोरी, राजकुमार उरैहा, रामनिवास, शैलेंद्र कोरी, सुरेंद्र,रमेश, राजेंद्र, संतोष, पवन, प्रकाश, लक्ष्मी, अनिल, मनोज, एवं रवि प्रकाश कोरी रहे।कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना झलकारी बाई कोरी एवं मां सरस्वती देवी के छायाचित्र में पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर हुई। मुख्य अतिथि कहा कि, कोरी समाज विद्यार्थियों व रक्तवीरों का सम्मान कर शिक्षा व संस्कारों को बढ़ावा दे रहा है। भगवत प्रसाद कोरी ने कहा, जिसके पास उच्च शिक्षा होगी वही अपने व्यक्तित्व का निर्माण करेगा। लक्ष्मीकांत ने कहा, समाज के बच्चों का समय-समय पर सम्मान होना उनके आत्मबल को बढ़ावा देता है, साथ ही पालकों भी का विश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में रजनी देवी कोरी, इति श्री कश्यप, प्रतिभा कोरी, श्रुति कोरी, कृष्णा कोरी, गेंदराम कोरी, लालाराम कोरी, रामनाथ कोरी, गिरवर प्रसाद चंद्र प्रकाश, रुपेश, कृष्णा, एवं केशव प्रसाद कोरी आदि मौजूद रहे।

## देशहा कुर्मी समाज ने निकाली नशामुक्ति रैली




**जरहागांव।** समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से देशहा कुर्मी क्षत्रिय समाज महासभा की ओर से नगर में नशा मुक्ति अभियान रैली निकाली गई। रैली में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठ एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली के दौरान 'नशा छोड़ो- जीवन जोड़ो' का संदेश देते हुए लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। अभियान में शामिल लोगों ने कहा कि, नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए नशामुक्ति अत्यंत आवश्यक है। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। हाथों में बैनर और नारों के साथ समाजजनों ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक कार्यों की ओर बढ़ने का संदेश दिया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि, इस प्रकार के जनजागरण अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे की बुराइयों से बचाया जा सके। अभियान को नगरवासियों का भी अच्छा समर्थन मिला और लोगों ने इसे में सराहनीय पहल बताया। नगर उपाध्यक्ष मनोज कश्यप, उमेश कश्यप के मार्गदर्शन उक्त अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन हेतु बैठक



**गौरेला।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरपालिका गौरेला के सभाकक्ष में जन-जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा और पार्षद सुरेश ऊइके, मनोज विश्वकर्मा, आयुष सोनी, निलेश साहू, अल्का ताम्रकार, अरुणा चक्रधारी, शाहीना परवीन खान, अमृता मरावी, विक्रांत रोहणी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू, उप अभियंता स्वप्निल मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में वार्डों में कचरा पृथक्करण, दंडात्मक प्रावधानों और स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करने की रूपरेखा तैयार की गई। नगर पालिका परिषद गौरेला को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया गया। साथ ही 'सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2026' का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने एवं स्वच्छता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय लिए गए जिसमें जन-प्रतिनिधियों की भूमिका और उत्तरदायित्व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, पार्षदों और अध्यक्ष को उनके वार्डों के लिए 'लीड फैसिलिटेटर' नामित किया गया है। स्रोत पर कचरे का 4-स्तरीय वर्गीकरण नए नियमों के अनुसार कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य है।

## साइकिल से केदारनाथ यात्रा पर निकला विजय



**मल्हार।** महासमुंद जिले के पिथौरा जनपद पंचायत के पास ग्राम सराइटार के रहने वाले विजय कुमार ध्रुव ने साबित किया कि श्रद्धा व विश्वास पूरी निष्ठा से हो तब कोई भी काम किया जा सकता है। इतनी भीषण तपती गर्मी में कोई भी सफर नहीं करना चाहता है तो ऐसे समय पर वह साइकिल से उत्तराखंड प्रदेश के रुद्रप्रयाग जिले में 12 ज्योतिर्लिंग में से एक स्थित भगवान केदारनाथ के दर्शन हेतु यात्रा पर 21 मई को अपने घर से निकल पड़ा। विजय कुमार ध्रुव अपने गांव में खेती किसानी कार्य करता है बचपन से सपना सजाकर रखा था परन्तु आर्थिक स्थिति उसकी ऐसी नहीं है कि वह ट्रेन बस या अन्य साधन में सफर कर सके फिर उसने सपना देखा कि वह साइकिल में यात्रा को निकल पड़ा है। जिसके बाद सपने को सच करने 21 मई को अपने घर परिवार वालों से आशीर्वाद विदा लेकर जंगल के रास्ते बारनवापारा, कसडोल, जोंधरा होते हुए शिवनगरी मल्हार पहुंचा, जहां पर भगवान पातालेश्वर महादेव का दर्शन तथा माता रानी डिडिनेश्वरी देवी का आशीर्वाद लिया। मंदिर के सेवक अमर केवट ने उन्हें अपने घर ले जाकर भोजन कराया। नगर के लोगों को जानकारी मिली तो उनका श्रीफल देकर उसका सम्मान किया गया। और रास्ते में उसके लिए फल मिठाई तथा ठंडा पानी देकर शिवनगरी मल्हार में सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए भगवान केदारनाथ में श्रीफल के साथ द्रव्य अर्पित करने भेंट किया।

## शिविर लगाकर किया जा रहा टीबी मरीजों का उपचार




**मुंगेली।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा. गिरीश कुर्रे तथा जिला क्षय कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डा. सुदेश रात्रे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाई रिस्क ग्रामों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इस अभियान में उच्च जोखिम समूहों को चिन्हित कर उनकी एक्स–रे जांच की जा रही है। अभियान के तहत विकासखण्ड लोरमी एवं पथरिया को हैंड–हेल्ड एक्स–रे मशीन उपलब्ध कराई गई है, जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रें में भी त्वरित और सटीक जांच संभव हो सकी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. शीला साहा ने बताया कि इन आधुनिक हैंड–हेल्ड एक्स–रे मशीनों के माध्यम से जिले के 73 हाई रिस्क ग्रामों में व्यापक स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 05 हजार 736 ओपीडी मरीजों एवं उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें 02 हजार 924 लोगों का एक्स–रे परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 127 टीबी मरीजों की पहचान कर उनका उपचार तत्काल प्रारंभ किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी गंभीर बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ मरीजों को निःशुल्क जांच एवं दवा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला क्षय कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डा. सुदेश रात्रे ने आमजनों को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की समझाइश दी है।

## जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत गांवों में लगेंगे शिविर

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव एवं जन भागीदारी अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ''जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले'' थीम पर विशेष पिछड़ी जनजातियों एवं जनजातीय समुदायों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना, सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। अभियान के अंतर्गत पीएम-जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े चयनित ग्रामों में व्यापक स्तर पर शिविर, आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता रैली, ग्राम संपर्क गतिविधियां एवं लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित 57 धरती आबा ग्रामों तथा पीएम जनमन ग्रामों में व्यापक स्तर पर जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम सुरही में शिविर का आयोजन कर आमजनों को स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

## सीएम हेल्पलाइन नंबर के संचालन पर कार्यशाला




**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण के लिए "समस्या तुंहर, समाधान हमर" थीम पर सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली सेवा जल्द प्रारंभ की जाएगी। इस नई व्यवस्था के माध्यम से जिले के नागरिक अब केवल एक फोन काल के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और उसकी निरंतर मॉनिटरिंग भी कर पाएंगे।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में सीएम हेल्पलाइन के प्रभावी संचालन हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अशोक चौबे एवं पवन तिवारी ने अधिकारियों को शिकायत पंजीयन, ट्रैकिंग एवं निराकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पोर्टल संचालन एवं तकनीकी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। नई शिकायत प्रबंधन प्रणाली के तहत प्रत्येक शिकायत को एक विशेष टोकन नंबर दिया जाएगा, जिससे शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति हर स्तर पर ट्रैक कर सकेंगे। शिकायतों का निर्धारित समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा समाधान के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि सेवा प्रारंभ होते ही वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 1076 का उपयोग करें। कार्यक्रम में एसएसपी भोजराम पटेल, डीएफओ अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डिजिटल आधारित शिक्षण पद्धति के लिए रहना होगा तैयार

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा संस्थान पेंड्रा के मार्गदर्शन में मुंगेली स्थित बीआरसीसी प्रशिक्षण केंद्र में पांच दिवसीय ब्लूप्रिंट प्रश्न पत्र निर्माण एवं शिक्षा शास्त्र पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के समापन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने उपस्थित व्याख्याताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषप्रद रहा है।

श्री डाहिरे ने आगामी सत्र के लिए उन्होंने कक्षा नवमीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही है। डीएमसी अशोक सोनी ने बताया कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का होगा। हमें डिजिटल आधारित शिक्षण पद्धति के लिए तैयार रहना होगा। साथ ही शिक्षण कार्य के लिए ब्लूप्रिंट निर्माण पर दिया जा रहा प्रशिक्षण निश्चित रूप से छात्रों के लिए आने वाले सत्र में उपयोगी सिद्ध होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बावरे ने बताया कि हमें पठन कौशल पर ध्यान देना चाहिए। हमें लगातार पुस्तकों का अध्ययन करते रहना चाहिए। बच्चों में लेखन क्षमता के विकास के लिए पुस्तक का वाचन एवं लेखन कराना अनिवार्य है जिसके आधार पर उनमें लेखन क्षमता का विकास हो सकता है इसके लिए यह जो ब्लूप्रिंट प्रश्न पत्र निर्माण एवं शिक्षा शास्त्र पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है निश्चित रूप से यह हम सभी के लिए आने वाले समय में उपयोगी सिद्ध होगा। बीआरसीसी सूर्यकांत उपाध्याय ने बताया कि इस पांच दिवसी य प्रशिक्षण का आयोजन 19 मई से 23 मई तक किया गया। जिसमें ब्लूप्रिंट निर्माण पर परिचर्चा की गई।



**संस्कृत सीखने लगी प्रदर्शनीः** संस्कृत की व्याख्याता डॉ. रामबाबू मिश्र के द्वारा संस्कृत विषय पर किस प्रकार संस्कृत सीखे विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृत भाषा के महत्व एवं सीखने की प्रक्रिया के ऊपर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। जिसका अवलोकन जिला शिक्षा अधिकारी एवं टीम द्वारा किया गया। साथ ही उन्होंने उनके इस गतिविधि को काफी सराहा, जो कि हमारे बच्चों के लिए संस्कृत सीखने के लिए काफी सरल विधियां रही। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में मोहन उपाध्याय, संगीता सिंह, डॉ. रामबाबू मिश्र, रविंद्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण भास्कर, शिव शंकर नेताम, विक्रम सिंह ठाकुर सहित कला, वाणिज्य एवं भाषा समूह के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन उपाध्याय व्याख्याता द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन बीआरसी सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

**खबर संक्षेप**

### इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, 22 मई को एक पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से तखतपुर जरेली निवासी निलेश कुमार जायसवाल पिता हरिराम जायसवाल 19 साल से दोस्ती हुई थी। दोनों आपस में बातचीत करते थे। निलेश ने अपना बर्थडे मनाने की बातकर तोरवा क्षेत्र के एक होटल में ले जाकर शादी करने की बात कहते हुए जबरन शारीरिक संबंध बनाया है। उसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 69 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिकायत करने पर सरपंच ने ग्रामीण को पीटा

**बिलासपुर।** अवैध मुरूम खोदाई की शिकायत करने पर सरपंच व उसके साथियों ने एक ग्रामीण के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, ग्राम परसदा निवासी ब्रम्हानंद साहू पिता भागीरथी साहू खेती किसानी करने के अलावा कपड़ा दुकान चलाते हैं। 19 मई की दोपहर में वे अपने खेत गए थे। उनके खेत के पास धन्नू कौशिक के द्वारा मुरूम खोदाई की जा रही थी। पूछने पर उसने कहा सरपंच के आदेश पर मुरूम निकाल रहे हैं। श्री साहू ने सरपंच से पूछा तो उसने गाली गलौज करते हुए मोबाइल से कनपटी में मार दिया। उसके बाद गांव के कैलास वस्त्रकार, मोहन पाटले, धन्नू कौशिक सरपंच का पक्ष लेते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सरपंच जगतराम साहू, कैलास वस्त्रकार, मोहन पाटले, धन्नू कौशिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गांजा व अवैध शराब बेचते 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा व अवैध शराब बेचने वाले 6 लोगों



गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, मुखबिर की सूचना पर सकरी शांतीनगर निवासी करूणा वर्मा पिता स्व. शंकर वर्मा 22 साल को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इसी तरह अवैध शराब बेचने वाले दिलप वस्त्रकार, देवरीकला, नीलम कौशिक बटालियन रोड, करण बघेल ग्राम सागर, दीपक जांगड़े देवरी पथरिया मुंगेली को पकड़कर अवैध शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

**विभागीय जानकारी का तैयार हो रहा फोल्डर** | **कलेक्टोरेट के मंथन हाल का किया जा रहा कायाकल्प**

# सीएम सुशासन दौरे की तैयारियों में जुटा प्रशासन, कलेक्टोरेट में लेंगे तीन जिलों की रिव्यू मीटिंग

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन दौरे को लेकर प्रशासन में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री कलेक्टोरेट परिसर में बिलासपुर समेत जीपीएम व मुंगेली तीन जिलों की रिव्यू मिटिंग लेंगे इसलिए मंथन हाल का रंगरोगन के साथ कायाकल्प किया जा रहा है और रिव्यू मिटिंग के लिए विभागीय जानकारियों की फोल्डर तैयार किए जा रहे हैं।

प्रशासनिक हल्के में जो चर्चा बनी हुई है उसके मुताबिक 26 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिले में सुशासन दौरे की बात हो रही है हालांकि अभी तक शासन स्तर से जिला प्रशासन के पास विधिवत कोई तिथि नहीं आई है, इसलिए मुख्यमंत्री के आगमन तिथि अभी फायनल नहीं माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के आने के एक दिन पहले प्रशासन को सूचना दे दी जाएगी। लेकिन ऊपरी तौर तैयारी को लेकर ईशारा मिल गया है इसलिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गई है और जोर-शोर से तैयारियों में जुट गई है। विभागीय योजनाओं, कार्यो की जानकारी संबंधी फोल्डर तैयार किए जा रहे हैं। प्रशासन के अफसर ऐसा मानकर चल रहे हैं कि मुख्यमंत्री यहां तीन जिलों की रिव्यू मिटिंग ले सकते हैं उस लिहाज से तैयारी चल रही है। क्योंकि सुशासन तिहार तहत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के दौरे पर हैं और अभी तक बिलासपुर एवं जीपीएम जिले का दौरा होना बाकी है। मुख्यमंत्री श्री साय मुंगेली जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत दौरा कर चुके हैं, किन्तु मुंगेली में उन्होंने रिव्यू मीटिंग नहीं किया था। इसलिए न्यायधानी बिलासपुर में मुख्यमंत्री बिलासपुर सहित जीपीएम और मुंगेली तीन जिलों की रिव्यू मीटिंग लेंगे।



### तीन जिलों के अधिकारियों की बैठक व्यवस्था बनाई जा रही

कलेक्ट्रेट परिसर के मंथन हाल सप्ताहिक टीएल की बैठक दौरान जिले के अधिकारियों से ही भर जाता है। इसी मंथन हाल में मुख्यमंत्री तीन जिलों के कलेक्टर, एसपी सहित विभाग प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेंगे इसलिए मंथन हाल में रंगरोगन कायाकल्प का काम चल रहा है। हाल के भीतर बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है ताकि ज्यादा से ज्यादा अधिकारी बैठ सकें। नए फर्नीचर टेबल, कुर्सियां लगाई जा रही है। टायलेट ठीक किया जा रहा है पार्टिशन कर महिला एवं पुरुष के अलग-अलग बाथरूम बनाया जा रहा है। मीटिंग हाल के सामने गार्डन को नया रूप दिया जा रहा है और वहां पर आर्टिफिशियल घास से लेकर अलग-अलग प्रजातियों के फूल वाले पौधे लगवाए गए हैं।

### 1 मई से 10 जून तक चल रहा सुशासन तिहार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पूरे छत्तीसगढ़ में 1 मई से 10 जुन तक सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, जिसके तहत अलग-अलग तिथियों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन शिविर आयोजित की जा रही है जिसमें लोगों से मांग व समस्याओं संबंधी आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जा रहा है ताकि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाएं पहुंचे और उनका लाभ मिलें। इसके अलावा कलेक्टर से लेकर मंत्री और मुख्यमंत्री तक सुशासन तिहार तहत दौरा कर रहे हैं।

### चल रही है तैयारी

सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री का जिले में दौरा होना है, किन्तु अभी तिथि फायनल नहीं हुआ है। प्रशासन की ओर से तैयारी चल रही है और मुख्यमंत्री के आगमन के एक दिन पहले पता चल जाएगा। बिलासपुर या जीपीएम दोनों में से किसी एक जगह पर तीन जिलों की रिव्यू मिटिंग होनी है जिसमें बिलासपुर की संभावना ज्यादा है।

**-संजय अग्रवाल**, कलेक्टर बिलासपुर

**निगम ने चलाया सुधार कार्य अभियान, 200 घरों के पानी का सैंपल भी लिया गया**

# सरकंडा में नालियों से गुजरी है पाइप लाइन, 300 से अधिक घरों में अवैध नल कनेक्शन पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र के सैकड़ों घरों में गंदे पानी की शिकायत खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। लगातार मरम्मत और सुधार कार्य का कोई असर नहीं हो रहा और लोग के घरों में प्रदूषित पानी पहुंच रहा है। शनिवार को निगम आयुक्त सहित सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे तो पाया गया कि 300 से अधिक घरों में नल कनेक्शन अवैध है। लोगों ने निगम की मुख्य पाइप लाइन को बीच से काटकर अपने घरों में जोड़ लिया है। बीच में नाली है जहां से कनेक्शन गए हैं। इससे जल सप्लाई प्रदूषित हो रही है। निगम ने 200 से अधिक घरों से सैंपल लेते हुए 20 कनेकशन काट दिया है। इसके बाद पानी सप्लाई की गई तो शाम को साफ पानी घरों में पहुंचा।

सरकंडा क्षेत्र के शास्त्री नगर और कपिल नगर के सैकड़ों घरों में पिछले 10 दिनों से नगर निगम के नलों से गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है। लोगों के विरोध के बाद निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जोन अध्यक्ष राजेश दुसेजा वार्ड क्रमांक 60 के पार्षद और एमआईसी मेंबर विजय ताम्रकार मौके पर पहुंचे। इधर लोगों का कहना है कि शास्त्रीनगर और कपिल नगर में अशोक नगर में पहले पानी टंकी से सप्लाई होती थी। गंदे पानी की समस्या उत्पन्न होने पर पूर्व में इंजीनियरों द्वारा रोड निर्माण के दौरान पाइप लाइन में लीकेज की समस्या बताई गई थी, लेकिन बार बार सुधार के बाद यह समस्या फिर से उत्पन्न हो गई है।



मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे।



सरकंडा में पाइप लाइन सुधारने पहुंचे नगर निगम के कर्मचारी।

### मेलापारा टंकी से वैकल्पिक सप्लाई

लोगों के मुताबिक सरकंडा क्षेत्र में सुबह और शाम होने वाली पानी सप्लाई के दौरान शुरुआती 15 से 20 मिनट तक मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इसके बाद धीरे-धीरे पानी साफ होता है। इससे यह संकेत मिल रहे हैं कि पाइप लाइन में कहीं न कहीं अब भी लीकेज या फाल्ट मौजूद है। हालांकि निगम ने एहतियात के तौर पर नूतन चौक और अशोक नगर की ओर जाने वाली पाइप लाइन फिलहाल बंद कर दी है। प्रभावित क्षेत्रों में मेलापारा पानी टंकी से वैकल्पिक सप्लाई दी जा रही है।

### काटे गए घरों के कनेक्शन

शनिवार को वार्ड नंबर 62 के कच्छ गुर्जर भवन के पीछे की गलि से गुजरी पाइप लाइन को काटकर अलग कर दिया गया। इसके बाद तीन और गलियों के साथ ही अशोकनगर से गुजरी मुख्य पाइप लाइन की जांच और सुधार किया गया। इसमें नोपाली मोहल्ला, कपिल नगर के साथ ही ग्लैमर ब्यूटी पार्लर वाली गली में भी इस तरह की समस्या मिली। 20 से अधिक घरों के कनेक्शन काटे हुए और पाइप लाइन बदली गई है। इंजीनियरों के मुताबिक यहां की पाइप लाइन पुरानी और नालियों के बीच से गुजरी है। लोगों ने मेन पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन ले लिया है।

### सैंपल जांच के लिए लैब भेजा गया

इसके साथ ही प्रभावित इलाकों के अलग-अलग स्थानों से पानी के सैंपल लिए गए हैं। इन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है ताकि पानी में मौजूद अशुद्धियों और उनके स्त्रोत का पता लगाया जा सके। निगम की टीम लगातार पाइप लाइन की जांच और संभावित लीकेज वाले हिस्सों की खुदाई में भी जुटी हुई है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही लीकेज की सही जगह चिन्हित कर मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि दूषित पानी की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

### साफ पानी पहुंचने लगा

क्षेत्र के अधिकांश लोगों ने निगम की मुख्य पाइप लाइन को बीच से काटकर अपने घरों में जोड़ लिया है। बीच में नाली है जहां से कनेक्शन गए हैं। 200 से अधिक घरों से सैंपल लेते हुए 20 कनेकशन काटे गए हैं। पानी सप्लाई की गई तो शाम को साफ पानी घरों में पहुंचा।

**- अनुपम तिवारी**, जल शाखा प्रभारी

**तोड़ा गया अवैध कब्जा**

# अशोकनगर मार्ग में हटाए गए 8 मंदिर



अशोक नगर से बिरकोना जाने वाली सड़क से हटाया गया कब्जा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। हालांकि इस सड़क निर्माण में अभी कई बाधाएं हैं। मार्ग में बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट तक 16 छोटे और एक बड़ा मंदिर है जो मुख्य सड़क पर कब्जा करके बनाए गए हैं। इनमें से 8 मंदिरों को शनिवार को हटाया गया। कब्जों को तोड़ा गया तो मुर्तियों को अशोकनगर सामुदायिक भवन में शिफ्ट किया गया। इस दौरान खास विवाद नहीं हुआ और लोगों की सहमति और सहयोग से दिन भर काम हुआ। सोमवार को दूसरे कब्जों को तोड़ा जाएगा।

■ **लोगों की सहमति और सहयोग से दिन भर काम हुआ**

गौरतलब है कि इस मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है। यहां मार्ग में कई मंदिर हैं तो कुछ घर और गुमटियां भी अवैध कब्जे में है। सड़क पर 40 से अधिक बिजली के पोल हैं। निगम की टीम ने बुधवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया था। इस दौरान जमकर हंगामा मचाया गया। भारी विरोध के बीच निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया था। इन गुमटियों के नीचे सीमेंट का निर्माण कर लिया गया था। यह अभियान अशोकनगर चौक से बिजली आफिस तक चला। शनिवार को बिजली आफिस के सामने और सड़क पर स्थित 8 मंदिरों को हटाया गया।

### फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण

गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर



फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जा रहा है।

### हटाए जाएंगे कब्जे

निगम की टीम ने शनिवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 8 मंदिरों को हटाया गया। मूर्तियां शिफ्ट की गईं हैं। इससे पहले निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया था। आगे भी कब्जे हटाए जाएंगे।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर



फोरलेन सड़क बनाने के लिए हटाया गया मंदिर।

### तीन महीने से सैकड़ों लोग हो रहे परेशान

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाए। साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल जो नाली बन रही है उसमें भी कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नाली सीधी बननी है लेकिन उसे जगह-जगह से मोड़ दिया गया है।

# अवैध संबंध के संदेह में पत्नी ने हंसिया से पति का प्राइवेट पार्ट काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध संबंध के संदेह में पत्नी ने हंसिया से देर रात सो रहे पति का प्राइवेट पार्ट काट दिया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, चकरभाठा बस्ती निवासी राजेश कौशिक राजमिस्त्री है। उसकी पत्नी द्रोपती बाई कौशिक को पति का दूसरे महिला के साथ अवैध संबंध होने का संदेह था। वह आए दिन रात में शराब पीकर आता था और उनसे लड़ाई झगड़ा कर सो जाता था। 22 मई की रात उसका पति ने नशे में आया और विवाद करने के बाद सो गया। रात 1.30 बजे उसकी पत्नी द्रोपती बाई हसिया से पति का प्राइवेट पार्ट काटकर अलग कर दिया। राजेश कौशिक ने खून से लथपथ चिखते चिल्लाते कमरे से बाहर निकलकर अपने मौसी को घटना की जानकारी दी। मौसी ने पुलिस को सूचना दी। रात में पुलिस उनके घर गई तो आरोपी द्रोपती बाई अपने पति के प्राइवेट पार्ट को हाथ रखकर बैठी हुई थी। पूछताछ में उसने पछतावा नहीं होने की बात कही। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 118, 2, 351, 3 के तहत महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

■ **आरोपी पत्नी गिरफ्तार**

# पत्नी की हत्या कर पानी टंकी में लाश छिपाने वाले पति को उम्रकैद

**बिलासपुर।** जिला न्यायालय ने चरित्र शंका पर पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद टाइल्स मशीन से शव के पांच टुकड़े कर छत पर पानी की टंकी में भरकर रखने वाले पति को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

5 मार्च 2023 को तत्कालीन क्राइम ब्रांच के आरक्षक सरफराज खान को सूचना मिली, पवन सिंह ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर 30 साल टिकरीपारा पडरिया रोड तखतपुर निवासी उसलापुर गीताजंली नगर में किराए के मकान में रहकर नकली नोट बना रहा है। क्राइम बांच ने उसके घर में दबिश दी तो 500, 200, 100 के नकली नोट, 200, 500 की फोटोकापी, बांड पेपर, केनरा बैंक का एटीएम कार्ड, मोबाइल, कलर प्रिंटर, स्क्रीन प्रिटिंग स्लाईड, इंक वाईटनर मिला। पुलिसकर्मी उसके घर की तलाशी लेते हुए छत में गए तो पानी की टंकी



से तेज दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने टंकी खोलकर देखा तो एक महिला की पांच टुकड़ो में लाश मिली। आरोपी पवन ने लाश अपनी पत्नी सती साहू की होने की जानकारी दी। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने 6 जनवरी 2023 को विवाद होने पर गला दबाकर हत्या करने व टाइल्स कटर मशीन से शव को पांच टुकड़ो में काटकर सिंटेक्स टंकी में छिपाना बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 23 मई 2026 को विशेष न्यायाधीश एनआईए सिराजुद्दीन कुरैशी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी पवन सिंह ठाकुर को धारा 302 में आजीवन कारावास, 100 रुपए अर्थदण्ड, धारा 201 में 5 साल कैद, 100 रुपए जुर्माना, धारा 489 सी में 5 साल कैद, 100 रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से लोक अभियोजक दाउ चंद्रवंशी ने पैरवी की है।

**कार्यालय-ज्ञान संस्कृत विद्या मंदिर मटियारी वि.ख.-बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

मान्यता.क्र.815 यू डाइस कोड 22070309204
पिन नं. 495550
दिनॉक 23.05.2026

**शिक्षक की आवश्यकता है**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत शिक्षक की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत इस विद्यालय में शिक्षक की आवश्यक है।

**रिक्त संख्या 01 संस्कृत शिक्षक (पूर्ण कालिक)**

**विषय** :- संस्कृत (अनिवार्य, व्याकरण एवं साहित्य एवं आयुर्वेद)

**शैक्षणिक योग्यता**- राज्य सरकार / यु. जी. सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता।

**मानदेय** - 20,000/- बीस हजार रूपये प्रतिमाह (पूर्ण कालिक शिक्षक के लिए)

नोट :- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 02/06/2026 सायं 05:00 बजे तक प्रेशित / प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

गुणवत्ता परीक्षण की सुचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

**प्रबंधक / प्राचार्य**
ज्ञान संस्कृत विद्या मंदिर, मटियारी, पो. जांजी (सीपत) वि.ख. बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495550 मो. नं. 8717843445, 8319547484

**कार्यालय-सिध्दी विनायक संस्कृत विद्यालय सोन तह. पचपेड़ी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

पंजी. क्र. 4158 यू डाइस कोड 22071509110
पिन नं. 495551 मो.नं.- 8827992550
दिनॉक 23.05.2026

**शिक्षक की आवश्यकता है**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृत शिक्षक की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत इस विद्यालय में शिक्षक की आवश्यक है।

**रिक्त संख्या 01 संस्कृत शिक्षक (पूर्ण कालिक)**

**विषय** :- संस्कृत (साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, कर्मकाण्ड, दर्शन)

**शैक्षणिक योग्यता**- राज्य सरकार / यु. जी. सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता।

**मानदेय** - 20,000/- बीस हजार रूपये प्रतिमाह (पूर्ण कालिक शिक्षक के लिए)

नोट :- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक 02/06/2026 सायं 05:00 बजे तक प्रेशित / प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

गुणवत्ता परीक्षण की सुचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

**प्रबंधक / प्राचार्य**
सिध्दी विनायक संस्कृत विद्यालय, सोन तह. पचपेड़ी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495551 मो. नं. 8827992550, 8817272611

# अयोध्या तीर्थ यात्रा कराने के नाम पर 75 ग्रामीणों से डेढ़ लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अयोध्या तीर्थ यात्रा कराने के नाम पर 75 ग्रामीणों से डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, गोंदईया निवासी हेमंत साहू ने ग्रामीणों की ओर से रिपोर्ट लिखाई। उन्होंने आरोप लगाया है मुंगेली लोरमी झझपुरीकला निवासी होरीलाल अनंत पिता टेसूदास अनंत का एक साल से गांव में आना जाना था। उसने खुद को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जुड़ा सदस्य बताया और अयोध्या तीर्थ यात्रा कराने का भरोसा दिलाकर विश्वास जीत लिया। उसने ग्रामीणों से श्रीराम जन्मभूमि के सहयोग के नाम पर चावल और नकद राशि भी एकत्र की। उसके बाद तीर्थ यात्रा कराने का झांसा देकर प्रति व्यक्ति से 1501 रुपए जमा कराए। ग्राम गोंदईया के 43 लोगों से 64 हजार 543 रुपए,



गिरफ्तार आरोपी।

ग्राम बछालीखुर्द के 32 ग्रामीणों से 48 हजार 32 रुपए कुल 1 लाख 12 हजार 575 रुपए जमा कराकर ले लिया। यात्रा के लिए 7 मई 2026 की तिथी तय की गई थी। 7 मई को उसका मोबाइल बंद मिलने लगा और गांव भी आना बंद कर दिया। उसके बाद ग्रामीणों का ठगी होने का अहसास हुआ। पुलिस ने आरोपी होरीलाल अनंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### दरवाजे की जाली काटकर जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** दरवाजे की जाली काटकर चोर घर के अंदर घुसे और दो आलमारियों को तोड़कर सोने चांदी के जेवर व नकद की चोरी कर ली। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जोरापारा निवासी परिवेश सोनी गोलबाजार में इडली डोसा की दुकान चलाते हैं। उनकी पत्नी मायके चली गई हैं। 19 मई को वे अपने भाई पकंज सोनी के साथ सुबह 6.30 बजे दरवाजे में ताला लगाकर दुकान चले गए। दोपहर 1.30 बजे दुकान बंद कर वे घर आए। ताला खोलकर अंदर गए तो मेन गेट अंदर से बंद था। वे अपने भाई, जीजा को बुलाकर दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो उनके कमरे और भाई पकंज के कमरे के आलमारी का दरवाजा टूटा मिला। उनके भाई के आलमारी से सोने की चेन, दो लाकेट, सोने की रिंग व 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। वहीं उनके पत्नी के आने के बाद उनके कमरे से चोरी गई सामान का आंकलन हो पाएगा। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री सोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कार्यालय-सचिव, उषा देवी मेमोरियल कालेज, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

क्र.41/UDMC/बिलासपुर **आवश्यकता विज्ञापन** दिनांक :- 23/05/2026

उषा देवी मेमोरियल कॉलेज, सकरी, बिलासपुर में निम्नलिखित पदो पर यू.जी.सी. के मानको के अनुरुप परिनियम - 28 के अनुसार नियुक्ति हेतु दिनांक 22/06/2026 तक योग्य उम्मीदवारो से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :-

1 प्राचार्य-01 पद,

1.- सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य), 02 . पद 2 .सहायक प्राध्यापक (रसायन)-01 पद 3 .सहायक प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान)-01 पद 4 .सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र)-01 पद 5 . सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर सांईस)-01 पद 6 . सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र)-01 पद 7 . सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र)-01 पद 8 .सहायक प्राध्यापक (इतिहास)-01 पद

नोट :-1. योग्यता-यू.जी.सी. / राज्य शासन के द्वारा निर्धारित योग्यता। 2 . वेतनमान - यू.जी.सी. / राज्य शासन के नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। 3 नियमानुसार आरक्षण रोस्टर का पालन किया जायेगा। 4 . पदो की संख्या परिवर्तनीय है। 5 . अपना बायोडाटा ईमेल ushadevicollege@gmail.com में प्रेषित कर सकते है।

**सचिव, स्व. उषा देवी एजुकेशनल सोसाइटी बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### शराब की अवैध बिक्री आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नया बस स्टैण्ड के पास से उसे गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नया बस स्टैण्ड के पास रवि बर्मन पिता गोपाल बर्मन उम्र 36 साल निवासी ग्राम टेकनपारा पेंड्री तालाब थाना लोरमी तखतपुर देसी शराब दुकान से शराब लेकर अपने क्षेत्र में अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहा था पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर देसी प्लेन मदिरा 9 नग एवं 23 नग प्लेन एवं नीले रंग का होंडा साइन वाहन क्रमांक सीजी 28 जे 8279 कीमत 30 हजार रुपए रूपये कुल जुमला 32560 रूपये जब्त कर धारा- 34(2) 59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**तखतपुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नाबालिग पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, कुसमुली निवासी शनिराम ध्रुव पिता दुजराम ध्रुव उम्र 24 वर्ष ने उसे वैवाहकि झांसा देकर पिछले दो सालों से लगातार शरीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच जब वह गर्भवती हो गई और शादी करने की बात कही, तो शनिराम ने इंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी शनिराम ध्रुरव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कोयला खान पेंशन योजना में हुआ संशोधन

**कोरबा।** केंद्र सरकार ने कोयला खान पेंशन (संशोधन) योजना-2026 को अधिसूचित किया है, जिससे पुरानी कोयला खान फैमिली पेंशन योजना 1971 के तहत आनेवाले फैमिली पेंशनभोगियों को न्यूनतम 1 हजार प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। जारी अधिसूचना के अनुसार संशोधित पेंशन राशि अब 1 हजार रुपए प्रतिमाह तय कर दी गई है, जो 8 मार्च-2024 से प्रभावी होगी। एरियर का भी भुगतान किया जाएगा। लगभग 16 हजार फैमिली पेंशनधारक इससे लाभान्वित होंगे। सीएमपीएफओ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि वह पेंशनभोगियों के कल्याण व समावेशी सामाजिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीएमपीएफ पेंशन एक्ट-1998 में पहले संशोधन हुआ था और इस एक्ट के तहत आने वाले पेंशनरों को न्यूनतम पेंशन एक हजार मिल रहा था। तब कोल माइंस फैमिली पेंशनन स्कीम 1971 को न्यूनतम पेंशन 1000 रुपए के दायरे में नहीं लाया गया था। फैमिली पेंशन को न्यूनतम एक हजार रुपए करने की लंबे समय से मांग हो रही थी। अधिसूचना के साथ यह मांग पूरी हो गई।

## निधन

### शंभू राम सिंगरौल

**तखतपुर।** ग्राम चितावर निवासी शंभूराम सिंगरौल 55 वर्ष का 23 मई को निधन हो गया। वे दुकालू राम सिंगरौल के पुत्र, सुकालू राम के भतीजा, रंभू राम, राजेंद्र के भाई एवं विवेकानंद, गंगाधर, हरदीप, भूषण के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### अलग-अलग हादसों में एक मृत, एक घायल

# दो बाइक भिड़ी, दुकान में घुसा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर**

क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शनिवार को हुई दो दुर्घटनाओं में एक की मौत और एक बुजुर्ग घायल हो गए हैं। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार ग्राम खम्हरिया के पास अज्ञात दूपहिया वाहन चालक ने सामने आ रहे दूपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। ग्राम चितावर निवासी विवेकानंद सिंगरौल 21 मई को रात्रि 9 बजे दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएच 2438 से बिलासपुर जा रहे थे तभी खम्हरिया के पास सामने की ओर से आ रहे दूपहिया वाहन के चालक ने तेजी गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी गाडी को टक्कर मार दी जिससे उनके पिता शंभू राम सिंगरौल को गंभीर चोट आई। उनकी हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर सिम्स रिफर किया जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं उनकी मां गुलाबा बाई सिंगरौल का इलाज जारी है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

#### दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रैक्टर, वृद्ध घायल

अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर चलाते हुए चालक ने ट्रैक्टर को दुकान के अंदर घुसा दिया जिससे दुकान चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। ग्राम बरेला निवासी राही के पिता दुखूराम यादव गन्ना रस निकालकर अपना जीवन यापन करता है। वह सुबह ठेले में पूजा रहा था, तभी मुंगेली की ओर जा रहा स्वराज कम्पनी का ट्रैक्टर जिसे बरेला निवासी सोनू साहू चला रहा उसने अनियंत्रित गति से चलाते हुए ट्रैक्टर को दुकान के अंदर घुसा दिया। जिससे दुकान में पूजा कर रहे दुखूराम यादव को चोट आई। उसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां दुखूराम यादव की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है। चिकित्सकों ने उसे रिफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने अब तक न तो चालक को गिरफ्तार किया है और नहीं दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर की जब्ती की है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# बर्दाश्त नहीं की जाएगी निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई: बंसल



सर्किट हाउस में बैठक लेते लोक निर्माण विभाग सचिव एवं कलेक्टर।

**मुंगेली।** राज्य शासन जिले में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पूरी सक्रियता से काम कर रही है। जिले में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व समय-सीमा सुनिश्चित करने कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग सचिव मुकेश कुमार बंसल ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग संभाग जिले का दौरा कर विभागीय अधिकारियों की सर्किट हाउस के कांफ्रेंस हॉल में बैठक लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ फील्ड में उतरकर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

- लोक निर्माण विभाग के सचिव ने ली अफसरों की बैठक

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और तेजी दोनों सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनमें कोई कोताही नहीं बरती जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित और कड़ी मॉनिटरिंग के साथ ही जनहित एवं तकनीकी दक्षता का भी विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने नगरीय निकाय सहित विभागीय समन्वय के साथ सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सड़को में पैच वर्क कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने निर्माणाधीन सड़कों, पुलों और भवनों को तेजी से पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा कर धरातल पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। आगामी मानसून को देखते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि बरसात की शुरुआत से पहले सभी सड़कों की मरम्मत अनिवार्य रूप से पूरी कर ली जाए। बारिश के दिनों में सड़कों या उनके किनारों पर गड्ढों की वजह से पानी जमा नहीं होना चाहिए। श्री बंसल ने सुगम यातायात को शासन की प्राथमिकता बताते हुए गांवों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार कर तत्काल शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियंताओं को ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का परीक्षण कर तत्परता से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड का नियमित दौरा कर चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर गुणवत्ता और समय-सीमा में कार्य पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने लोरमी बाईपास निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों को समय-सीमा में इन कामों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार, डीएफओ अभिनव कुमार, सीईओ जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, प्रमुख अभियंता वीके भथपहरी, मुख्य अभियंता आरके रात्रे, मुख्य अभियंता एनएच ज्ञानेश्वर कश्यप, अधीक्षण अभियंता केपी संत, कार्यपालन अभियंता शरद सतपथी, कार्यपालन अभियंता आरके खामरा, कार्यपालन अभियंता नीतीश तिवारी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोबाइल दुकान में लगी आग



**मुंगेली।** शहर के व्यस्ततम मार्ग पड़ाव चौक के पास स्थित मोबाइल शॉप में लगी आग लगने से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की संभावना जताई जा रही है। घटना में दुकान के भीतर रखे मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान जलकर खाक हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम में आग लगते ही दुकान से धुआं और तेज लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के लगभग 20 से 30 मिनट बाद तक भी दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच पाया था, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। व्यापारियों का कहना है कि यदि समय पर फायर बिग्रेड पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। हालांकि लगभग आधे घंटे बाद फायर बिग्रेड पहुंची। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। आग की वजह से क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बताई जा रही है, लेकिन वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने शहर की अग्निशमन व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की मांग उठाई है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके।

### ऑयल पॉम की व्यावसायिक खेती के लिए मिला लक्ष्य

**मुंगेली।** किसानों की आय बढ़ाने और वैकल्पिक लाभकारी खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए जिला मुंगेली को 50 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को ऑयल पॉम की व्यावसायिक खेती अपनाने के लिए आकर्षक अनुदान और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ अधिक लाभकारी और आधुनिक कृषि पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक ने बताया कि ऑयल पॉम का रोपण त्रिकोणीय आधार पर 9×9 मीटर दूरी में किया जाता है, जिसमें प्रति हेक्टेयर 143 इम्पोर्टेड टेनेरा किस्म के पौधे लगाए जाते हैं। यह फसल किसानों के लिए दीर्घकालीन आय का मजबूत स्रोत मानी जा रही है। केंद्र शासन द्वारा ऑयल पॉम पौध रोपण के लिए विभिन्न मदों में अनुदान का प्रावधान किया गया है। इसके तहत पौध रोपण के लिए प्रति हेक्टेयर 29 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

# पुलिस को मिली अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन



मोबाइल फॉरेंसिक वैन की पूजा अर्चना करते एसपी एवं एडीएम।

**मुंगेली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जिलों को अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई है। इसी क्रम में जिला मुंगेली को भी लगभग 65 लाख की लागत से निर्मित आधुनिक सुविधाओं से लैस मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्राप्त हुई है। यह वैन अपराध अनुसंधान एवं वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

इस अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन के तकनीकी उपयोग एवं इसकी कार्यप्रणाली से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित 'कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष' में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल फॉरेंसिक वैन को जिले में सेवा हेतु रवाना किया गया। ऑनलाइन माध्यम से जुड़े प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुंगेली जिले को मिली यह 65 लाख की मोबाइल फॉरेंसिक वैन कानून व्यवस्था और जांच प्रक्रिया को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित यह वैन अपराध अनुसंधान में तेजी लाने के साथ-साथ सटीक जांच सुनिश्चित करेगी। बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मुंगेली पुलिस इस अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन की तकनीकी क्षमताओं का प्रभावी उपयोग कर आपराधिक मामलों के त्वरित निराकरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने न्याय व्यवस्था में वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश के कानून में न्याय सभी के लिए समान है। न्याय के लिए अमीर और गरीब की कोई अलग परिभाषा नहीं है। यह फॉरेंसिक वैन निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सटीक जांच सुनिश्चित कर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में फॉरेंसिक विशेषज्ञ ज्योत्सना लकड़ा द्वारा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोबाइल फॉरेंसिक वैन के उपयोग एवं इसकी विशेषताओं के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला एवं हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, वैज्ञानिकी अधिकारी ज्योत्सना लकड़ा, बार काउंसिल अध्यक्ष राजमन सिंह, डीडीपी पुष्पा भगत,वरिष्ठ अधिवक्ता रविंदर सिंह छाबड़ा सहित जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन भविष्य में अपराध अनुसंधान को नई गति प्रदान करते हुए अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में "गेम चेंजर" साबित होगी।

# अमेरी अकबरी में नवीन पंचायत भवन का भूमिपूजन



भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी।

**दगोरी।** विकासखंड बिल्हा के ग्राम अमेरी अकबरी में नवीन पंचायत भवन भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सहभागिता से ही गांव समाज का विकाश होता है। सभी की सामान भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।गांव के विकाश में सभी को सहयोग करना चाहिए।

- मिले 277 आवेदन, शराब दुकान खोलने की मांग

पंचायत भवन निर्माण होने कार्य करने में सुविधा होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम सरपंच दीपक सोनी ने कहा कि आज हमारे गांव को नवीन पंचायत भवन मिला है। हमारा प्रयास ग्राम को मूलभूत सुविधा दिलाना है। इस अवसर पर उपसरपंच गौरी भारद्वाज, पंच दिलहरन ध्रुव, दिलीप यादव, दीना ध्रुव, रिया यादव, लीलावती, पुशव, अमरीका, कुंती मांझी, मनहरण ध्रुव, राकेश निर्मलकर, गणेश राम, देवीलाल, कार्तिक, बिसाहू, रिया, रमेश निषाद, भूमति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# करही गोलीकांड का खुलासा गांव के ही तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-बिर्रा।** करीब एक माह पहले ग्राम करही में हुए चर्चित गोलीकांड मामले में पुलिस ने गांव के ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग और एसपी विजय कुमार पांडे ने बताया कि 23-24 अप्रैल की दरम्यानी रात ग्राम करही में तीन नकाबपोश बदमाश सम्मेलाल कश्यप के घर में घुसे और उसके बड़े बेटे आयुष कश्यप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके छोटे भाई आशुतोष को भी गोली लगने से गंभीर चोट आई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी मृतक आयुष कश्यप की आर्थिक प्रगति और प्रभाव बढ़ने से आरोपी असहज थे इसी के चलते घटना की रात सहयोगियों द्वारा सीसीटीवी कैमरा क्षतिग्रस्त करने के बाद वे घर में घुसे, मृतक के पिता के कमरे को बाहर से बंद किया और फिर आयुष कश्यप पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। छोटे भाई आशुतोष को भी गोली मारी गई। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में करही निवासी 23 वर्षीय हेमंत कुमार बघेल, 23 वर्षीय भूषण बघेल और 28 वर्षीय अमित टंडन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, मैगजीन, अतिरिक्त खाली मैगजीन और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में घटना में संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि मामले के मुख्य साजिशकर्ता और अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - सरगांव, तहसील-सरगांव जिला - मुगेली (छ.ग.)**
**सूचना-पत्र**
क्रमांक / / रा.नि.म/ सरगांव/2026
दिनांक :-15/05/26
प्रति, विनीता राय पति मनोज राय निवासी बिलासपुर 1. रामेश्वर सिंह पि. देवी सिंह 2. प्रदीप कौशिक नि. बिलासपुर 3. संतोष शर्मा नि. बिलासपुर
विषय:- सीमांकन / बंटाकन के संबंध मे सूचना बाबत
ग्राम भकुरीडीह प.ह.नं.11 रा.नि.मं.-सरगांव, तहसील-सरगांव, जिला-मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 249, 251, 254 रकबा 0.324, 0.235, 0.324 हे. भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार सरगांव/अनुविभागीय अधि (रा.) पथरिया में आवेदक विनीता राय पति मनोज राय द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके परिपालन में न्यायालय तहसीलदार सरगांव / अनुविभागीय अधि (रा.) पथरिया के ज्ञापन क्रमांक / वा / 2026 सरगांव के आदेश दिनांक-20/05/26 के परिपालन मे दिनांक - 30/05/26 को समय 11 से 03 बजे के मध्य मे सीमांकन / बंटाकन किया जाना नियत है।
अतएव आप सभी हितबद्ध एवं चौहददी पक्षकार अपने समस्त दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय मे उपस्थित रहे। अनुपस्थिति की स्थिति मे आप स्वंय जवाबदार होगे। अनुपस्थिति उपरांत आपति स्वीकार नही किया जावेगा।
टीप उक्त सीमांकन में आवेदक मजदूर की व्यवस्था स्वंय करेगा। उक्त कार्य दिवस मे अन्य शासकीय आवश्यक कार्य / मिटिंग होने से सीमांकन तिथि मे परिवर्तन किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
सरगांव

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**समंस**
क्रमांक/क/तह/वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 21/05/2026
एतद् द्वारा बी. लल्ली थामबा पति बी. कुदलराव निवासी रेल्वे कालोनी बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 515/3 मे से रकबा 1000 वर्गफुट भूमि की छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्त के लिए आवेदक अतनु सिन्हा पिता स्व. एस.एम. सिन्हा निवासी बरतुंगा कालोनी तह. व जिला मनेन्द्रगढ छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।
उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 08.06.2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 08.06.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज जवाब पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दस्तावेज एवं जवाब स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर छ.ग.)**
**संशोधित ईश्तहार-**
रा.प्र.क्र. / अ-6/2025-26
पक्षकार :- अभिषेक श्रीवास्तव पिता रामनारायण श्रीवास्तव.....आवेदक
**बनाम**
मेसर्स एस.के.एस. डेवलपर्स व्दारा भागीदार आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह
.........अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक श्रीवास्तव पिता रामनारायण श्रीवास्तव निवासी फ्लेट नं.ए 6-704,7 फ्लोर रोहण अभिलाषा लोहगांव रोड वाधोली पुणे महाराष्ट्र ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट् न. 26 प्लाट न. 104/3,104/5,103/1,103/2, 104/1,104/2,104/4,104/6 रकबा 960,960, 1898,552,1920,2176, 1960,2835 व.फु. शीट नं.27 प्लाट नं. 2/2,2/1 रकबा 1292,1023 व.फु. भूमि पर निर्मित श्याम सदर सराफा में स्थित द्वितीय तल में स्थित दुकान क्रमांक एस-2 को अनावेदक मेसर्स एस.के.एस. डेवलपर्स व्दारा भागीदार आनंद सोनी पिता बृजमोहन सोनी वगैरह से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।,
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 25/5/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 8/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

---

**आम सूचना**
**(Public Notice)**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्राम ध्रुव निवासी केवंट पारा शिव मंदिर के पास सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का दिनांक 05/02/2005 को सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) में निधन हो गया है।
उक्त मृत्यु के संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, अन्यथा आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।
दिनांक: 21/05/2026
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
**सूचना देने वाला**
**कलाराम ध्रुव उम्र 43 वर्ष पिता विश्राम ध्रुव**
**पता - केवंट पारा शिव मंदिर के पास सिरगिट्टी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाइल: 8871732772**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक /Q/ सीमांकन /रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 18.05.2026
1.आवेदक श्रीमती नेमिन राजपूत पति बाबूलाल राजपूत आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी।
2.अरूण कुमार सोनी/ उत्तरा देवी सा. चिंगराजपारा 3. सत्यनारायण एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q /तह./ ना. तह./वा/2024 बिलासपुर, दिनांक 01/05/2026।
ग्राम मोपका प.ह.नं.29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं.32/6 रकबा 0.0114 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती नेमिन राजपूत निवासी वार्ड नं. 12, उमरिया बिटकुली के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 05/06/26 को समय 10.00 बजे से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थति होंवे एवं उक्त समय पश्चात की आपति पर विचार नहीं किया जावेगा।
निरीक्षक
मोपका (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील-बिल्हा/बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/क्यू./रा.नि./2026
बिल्हा, दिनांक 18/5/26
प्रति,
आवेदक/आवेदिका विकास जैन पिता विनोद कुमार जैन निवासी बिलासपुर आवेदक के बताए अनुसार समीपी भूस्वामी
(1) भूपेन्द्र सवन्नी पिता इन्द्रसेन सवन्नी निवासी बिल्हा (2) अमित सोनी पिता राजकुमार सोनी निवासी बिलासपुर (3) विश्वनाथ अग्रवाल पिता रामसनेही निवासी बिलासपुर (4) रुचि अग्रवाल पति अखिलेश निवासी बिलासपुर।
विषयः मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी/ज्ञापन क्रमांक/ / क/तह./वाचक/2025, बिल्हा दिनांक 15/5/2026
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका इंस्पायर इंडस्ट्रीज़ प्रा.लि. डायरेक्ट विकास जैन पिता विनोद कुमार जैन निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी में मौजा खम्हारडीह प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. बिल्हा तह.बिल्हा/ बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 25/11, 25/9 रकबा 0.25, 0.60 एकड़ का सीमांकन हेतु छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की 129 के तहत आवेदन किया गया है। संदर्भित पत्र के परिपालन आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 26/05/2026 को समय 12:00 से 5:00 बजे से किया जाना है।
अतः आप अपनी भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
राजस्व निरीक्षक बिल्हा,
तह.-बिल्हा/बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बिल्हा, तहसील-बिल्हा/बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/क्यू./रा.नि./2026
बिल्हा, दिनांक 18/5/26
प्रति,
आवेदक/आवेदिका विनोद कुमार जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन निवासी बिलासपुर आवेदक के बताए अनुसार समीपी भूस्वामी।
(1) भूपेन्द्र सवन्नी पिता इन्द्रसेन सवन्नी निवासी बिल्हा (2) अमित सोनी पिता राजकुमार सोनी निवासी बिलासपुर (3) विश्वनाथ अग्रवाल पिता रामसनेही निवासी बिलासपुर (4) रुचि अग्रवाल पति अखिलेश निवासी बिलासपुर।
विषयः मौका जाँच/सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी/ज्ञापन क्रमांक/ / क/तह./वाचक/2025, बिल्हा दिनांक 14/5/2026
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका विनोद कुमार जैन पिता लक्ष्मीचंद जैन निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिल्हा/बोदरी में मौजा खम्हारडीह प.ह.नं.10 रा.नि.मं. बिल्हा तह.बिल्हा/ बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 25/8, 26/9, 25/5, 26/7, 26/5, रकबा 0.63, 0.42 1.09, 0.90, 0.43 एकड़ का सीमांकन हेतु छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की 129 के तहत आवेदन किया गया है। संदर्भित पत्र के परिपालन आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 26/05/2026 को समय 12:00 से 5:00 बजे से किया जाना है।
अतः आप अपनी भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
राजस्व निरीक्षक बिल्हा,
तह.-बिल्हा/बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना उपतहसील - सकर्रा, तहसील- सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/क./रा.नि.अमसेना
दिनांक 16/05/2026
प्रति,
आवेदक/आवेदिका अशोक कुमार जैन पिता बाबूलाल जैन निवासी कोरबा आवेदक के बताए अनुसार समीपी भूस्वामी।
(1) तिरूपति मिनरल्स प्रा.लि. (2) दीपक पिता बलदाऊ निवासी बिलासपुर (3) संतोष कुमार दुबे (4) गोपाल पिता केजऊ (5) दिलहरण दास पिता बहोरनदास (6) लक्ष्मीचंद कौशिक अन्य हितबद्ध पक्षकार ख.नं. 243, 250 के समस्त बटांकनधारी। निवासी बिलासपुर।
विषयः सीमांकन/ मौका जाँच / नक्शा बटांकन के समय उपस्थित होने बाबत।
संदर्भः न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा क्र./ना.तह. / रीडर / 2026/ दिनांक 12/ 05/ 2026
ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं.38, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक अशोक कुमार जैन पिता बाबू लाल जैन के द्वारा ख.नं. 243/11, 250/11, 250/10, रकबा 1.56 एकड़ के सीमांकन/मौका जाँच /नक्शा बटांकन हेतु तहसीलदार /नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन /मौका जाँच /नक्शा बटांकन की कार्यवाही 26/05/2026 और समय 12.00 pm को किया जाएगा। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
**टीपः** विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होंगे।
आवेदक सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
राजस्व निरीक्षक, अमसेना
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
तहसील-सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### विधायक अमर ने मोबाइल फॉरेंसिक वेन को दिखाई हरीझण्डी



**बिलासपुर।** विधायक अमर अग्रवाल शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस क्रम में क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला एवं जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मोबाइल फॉरेंसिक वैन के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक श्री अग्रवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से सुसज्जित मोबाइल फॉरेंसिक वैन अपराधों की त्वरित एवं वैज्ञानिक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा कानून व्यवस्था एवं न्याय प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। इसके पश्चात श्री अग्रवाल ने मैग्नेटो मॉल में प्रतिष्ठित कपड़ा ब्रांड किलर के नवीन शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने नए शोरूम के सफल संचालन एवं निरंतर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि बिलासपुर तेजी से विकास और आधुनिक सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### सुधा बॉयो में श्रमिकों को दिया गया सुरक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में हुई दुर्घटनाओं एवं बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए सुधा बॉयो पावर प्राईवेट लिमिटेड द्वारा अपने कारखाने में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं हीट वेव से बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के सुरक्षा प्रभारी गोपाल बूरा के नेतृत्व में संस्था के महाप्रबंधक एस.व्ही.राजू, एच.आर. मैनेजर पी.व्ही. श्रीधर, के. रवि कुमार, आयूष सिंह ठाकर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा मानको, आपतकालीन परिस्थितियों में सावधानियों तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, सुरक्षित मशीन संचालन के प्रति जागरूक करना था। कर्मचारियों को हेलमेट, अग्निशामक यंत्र एवं अन्य सुरक्षा संसाधनो के उपयोग की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में कार्य के दौरान नियमित अंतराल पर विश्राम करने, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनने की सलाह दी गई। अनावश्यक रूप से खुले धूप वाले क्षेत्रों में कार्य करने से बचने एवं किसी भी श्रमिक की तबीयत खराब होने पर तुरंत प्रबंधन को सूचना देने के निर्देश भी दिए गये। अधिकारियों ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी है तथा संस्थान श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। सुधा बॉयो प्रा.लि. प्रबंधन भविष्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगें।

### त्रिमूर्ति मोटर्स ने दिया पराली नियंत्रण पर जोर



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पराली नियंत्रण पर काफी जोर दिया जा रहा है जिसका कार्यक्रम त्रिमूर्ति मोटर्स द्वारा होटल ग्रैंड लोटस में संपन्न हुआ। जिसमें सीएनएच के सभी अधिकारी कृषि विभाग एवं गांव के सरपंच एवं किसान शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिलायंस के प्लांट हेड रहे एवं सीएनएच के हेड सतीश रहे एवं कपिल अग्रवाल एवं रोहित मिश्रा थे। कार्यक्रम में किसानों को बताया गया कि पराली न जलाकर उसे कैसे सीएनज एवं पैलेट प्लांट को दिया जा सकता है जिसमें बायो फ्यूल सर्किल जैसे कम्पनी ने उनसे एमओयू किया। किसान की और अधिक आय कैसे बढ़ सकती है यह भी बताया। इस कार्यक्रम में किसानों को न्यू हॉलैंड के बेलर भी दिखाए एवं उनकी आय बढ़ाने के लिए कार्य किया गया। जिसके लिए त्रिमूर्ति मोटर्स अग्रिम भूमिका निभा रहा है, ताकि पर्यावरण एवं किसानों दोनों की मदद हो सके । कार्यक्रम में किसानो को उन्नत खेती के बारे में बताया गया और कैसे बेलर और हार्वेस्टर जैसे आधुनिक उपकरणों से किसान की आय बढ़ाई जा सकती है। साथ ही ये भी बताया गया की हमेशा कम ईंधन खपत वाले उपकरणों का चुनाव करे ये सभी चीजें त्रिमूर्ति मोटर्स न्यू हॉलैंड में उपलब्ध है। साथ की सरकार की विभिन्न सब्सिडी का लाभ भी बताया गया जो सरकार किसान के फायदे के लिए चला रही है। इस कार्यक्रम में किसानों की आय बढ़ाने और बिलासपुर को एक समृद्ध कृषि क्षेत्र बनाने पर जोर दिया गया।

### टैलेंट पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर महेश्वरी को मिला डॉक्टरेट



**बिलासपुर।** टैलेंट पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर महेश्वरी साहू को शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं समाजहित में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। श्रीमति महेश्वरी साहू के नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने श्रीमति साहू को शुभकामनाएँ दी। श्रीमति साहू ने इस सम्मान का श्रेय शोध कार्य के मार्गदर्शक डॉ. बोधीराम साहू, पति गिरधारी साहू, विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सहयोग को देते हुए कहा कि यह उपाधि उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगी।

---

**सैलानियों की संख्या में आई कमी** | **शहर सहित प्रदेश के अन्य जिलों से भी अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं लोग**

# सप्ताह में पांच दिन सैलानियों के लिए तरसता है एटीआर

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी का असर अचानकमार टाइगर रिजर्व में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या पर भी हो रहा है, जहां दिन भर में एक या दो परिवार ही कोर जोन का भ्रमण करने पहुंच रहे हैं। सप्ताह में पांच दिन एटीआर की टिकिट खिड़की में सैलानियों की संख्या काफी रहती है, जिसकी वजह से भ्रमण कराने वाले जिप्सी संचालक भी आराम फरमाते रहते हैं।

नवम्बर 2025 से लेकर मार्च 2026 तक यानि पांच माह के दौरान एटीआर के कोर जोन में भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या काफी अधिक रही। भ्रमण करने के लिए सैलानियों को जिप्सी की सुविधा दी जाती है, जिसके लिए ऑनलाइन बुकिंग करनी पड़ती है। भ्रमण करने वाले सैलानियों में शहर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं। सैलानियों के रूकने और भोजन एवं नाश्ते के लिए एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बेरियर के पास ही एक बैगा रिसॉर्ट बनाया है, जिसकी देखभाल समिति के हाथों में दे दी गई है। प्रबंधन ने भी रिसॉर्ट और अन्य सारे जर्जर हो रहे सामानों को काफी व्यवस्थित किया है। सैलानियों की संख्या बढ़ने के कारण एटीआर प्रबंधन ने शिवतराई बैगा रिसॉर्ट कैम्पस में सैलानियों को रोमांचक बनाने के लिए सेल्फी पाइंट तैयार कराया गया है। बैगा रिसार्ट परिसर में पार्किंग एरिया, पूछताछ केन्द्र, सफारी बुकिंग, सोविनियर शॉप, टाइगर केंटीन, स्वीमिंग पुल, डायरेक्शन बोर्ड एवं सभी कमरों में कमरा नम्बर एवं नाम का साईन बोर्ड लगाया गया है। सभी साईनेगजस बोर्ड सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बना है। सैलानियों को नए सेल्फी साईन बोर्ड के साथ सेल्फी लेना भी बहुत पसंद आ रहा था। पिछले डेढ़ माह के दौरान अचानकमार टाइगर रिजर्व का भ्रमण करने वाले सैलानियों की संख्या में काफी कमी आ गई है। मार्च के शुरुआत तक यहां प्रतिदिन 150 से 200 की संख्या में सैलानी पहुंच रहे थे, वह वर्तमान में घटकर 10 से 20 में आ गई है। सैलानियों की संख्या कम होने के कारण एटीआर के राजस्व में भी प्रभाव पड़ रहा है।




#### दी गई है इंटरकॉम फेसिलिटी

प्रबंधन के अनुसार शिवतराई बैगा रिसार्ट के सभी कमरों, केंटीन एवं बुकिंग काउंटर में इंटरकॉम फेसिलिटी उपलब्ध कराई गई है, जहां सैलानी अपने कमरे में बैठकर जंगल सफारी बुकिंग संबंधी जानकारी लेने के साथ ही केंटीन से भोजन आर्डर भी कर पा रहे हैं। इंटरकॉम फेसिलिटी उपलब्ध होने से सैलानियों को भी सुविधाएं मिल रही हैं।

#### बंद हो जाएगा एटीआर का गेट 16 से

अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। लोरमी इलाके में स्थित इस टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ, हाथी, जंगली भालू, ब्लैक पेंथर सहित शाकाहारी व मांसाहारी प्रजातियों के वन्यप्राणी और पक्षी मौजूद हैं। एटीआर प्रबंधन ने यह निर्णय एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार लिया है। बारिश का मौसम वन्यप्राणियों के लिए प्रजनन काल होता है। ऐसे में इस मौसम में हर साल टाइगर रिजर्व में सफारी और अन्य सारी सुविधाएं बंद कर दी जाती है। मुख्य वजह है कि इंसानों की वजह से वन्यप्राणियों के प्रजनन काल में किसी तरह का खलल ना पड़े। प्रति वर्ष कोर और बफर जोन में सैलानियों को भ्रमण कराने वाली सफारी की सुविधा भी बंद की जाती है। इसी तरह इस वर्ष भी अचानकमार टाइगर रिजर्व के गेट को 16 जून से बंद करने का निर्णय लिया गया है, जिसके बाद सैलानी अक्टूबर माह तक कोर जोन का भ्रमण नहीं कर सकेंगे।

#### थोड़ा असर पड़ रहा गर्मी का

भीषण गर्मी के कारण जनजीवन के साथ एटीआर में आने वाले सैलानियों की संख्या में भी असर पड़ रहा है। यह केवल थोड़ा बहुत है, लेकिन शनिवार और रविवार की छुट्टी में रिसार्ट के सारे कमरे और गाड़ियां पूरी बुक रहती है। इसके अलावा सैलानियों को अगर एटीआर का भ्रमण करना है तो वे 15 जून तक कर सकते हैं। इसके बाद 16 जून से एटीआर के कोर जोन का रास्ता चार माह के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है।

**-अभिनव कुमार**
डीएफओ, मुंगेली

---

**तैयारी बैठक में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# सिम्स में एचआईसीटी की आपात बैठक इबोला वायरस से बचाव व तैयारियों पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स अस्पताल में इबोला वायरस संक्रमण की रोकथाम, उपचार व्यवस्था और संक्रमण नियंत्रण को लेकर अस्पताल संक्रमण नियंत्रण टीम (एचआईसीटी) की आपात बैठक आयोजित की गई। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. लखन सिंह द्वारा अस्पताल की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इबोला संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु अस्पताल की वार्ड प्रिपेयर्डनेस, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, आइसोलेशन व्यवस्था एवं संक्रमण नियंत्रण उपायों पर विशेष चर्चा की गई। संदिग्ध मरीजों के लिए पृथक सैंपल कलेक्शन एरिया बनाने और कार्यप्रणाली को प्रभावी रखने के निर्देश दिए गए। अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि संभावित संक्रामक रोग से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समय रहते तैयारी एवं सतर्कता जरूरी है। सिम्स अस्पताल में मरीजों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी प्रोटोकॉल का गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ पालन किया जाएगा। विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जागरूकता, प्रशिक्षण एवं निगरानी व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। डॉ. लखन सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है तथा संक्रमण नियंत्रण संबंधी सभी मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।



#### ऐसे निबटेगा अस्पताल प्रबंधन

एचआईसीटी टीम को परिसर में सैनिटाइजेशन एवं संक्रमण नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाने, नियमित मॉनिटरिंग, जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए इबोला वायरस संक्रमण की पहचान, पीपीई किट के उचित उपयोग, हैंड हाइजीन एवं संक्रमण रोकथाम उपायों पर विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में डॉ. संजय घिल्ले, डॉ. अनिल कुमार डोनसेना, डॉ. जयपाल चंद्रवंशी, डॉ. रेखा बरापात्रे, डॉ. डरवीं देशोंजा, गरीमा पाण्डेय, उत्कर्ष शर्मा, सरिता बहादुर, पुष्पा शर्मा, ग्रासी, ममता लाल, नमिता वानी, सरिता टोप्पो, रेणु साहू एवं कमलेश दीवान सहित एचआईसीटी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# निगम संपदा व अतिक्रमण शाखा प्रभारी हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने नगर निगम की व्यवस्था में बदलाव करते हुए कई अधिकारियों के प्रभार बदला है। इसमें नव नियुक्त उपायुक्त अंकुर पांडे को संपदा शाखा, बाजार शाखा, विधि शाखा, होर्डिंग शाखा, नजूल शाखा और अतिक्रमण शाखा का प्रभार दिया गया है। ध्यान रहे कि इससे पहले संपदा शाखा और अतिक्रमण शाखा प्रवेश कश्यप के बाद था जिसे अब बदल दिया गया है। यह भी ज्ञात हो कि अतिक्रमण टीम पर वसूली के कई आरोप भी लगे थे। इसके बाद महापौर ने शाखा प्रभारी कश्यप को जमकर फटकार भी लगाई थी। संपदा शाखा में बाहरी लोगों के कब्जे और फाइलों से छेड़छाड़ के भी आरोप लगे थे।

■ अंकुर को मिला प्रभार

फिलहाल जो दायित्व सौंपे गए हैं उनमें श्रीमती सवीना अनंत (उपायुक्त) को स्टोर शाखा, खाद्य शाखा, उद्यान शाखा, संजय तरण पुष्कर, भविष्य निधि शाखा और पेंशन शाखा का प्रभार दिया गया। इसी तरह बृजेश श्रीवास्तव (प्रभारी कार्यपालन अभियंता) को जोन क्रमांक 2 एवं 6 के कार्यपालन अभियंता के दायित्वों का निर्वहन के साथ ही वाहन शाखा का प्रभार दिया गया। ललित कुमार त्रिवेदी (प्रभारी कार्यपालन अभियंता) को जोन क्रमांक 1 एवं 8 के कार्यपालन अभियंता के दायित्वों के निर्वहन की जिम्मेदारी दी गई है। अमर सिंह चौहान (सहायक अभियंता) को जोन क्रमांक 4 के साथ-साथ जोन क्रमांक 5 में सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। चन्द्रशेखर साहू को जोन क्रमांक 6 के साथ-साथ जोन क्रमांक 2 में सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

#### इनको मिला अतिरिक्त प्रभार

रमनदीप सिंह छाबड़ा (प्र. सहायक अभियंता) को जोन क्रमांक 7 एवं अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ जोन क्रमांक 8 में सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। श्रीयुत श्रीकांत नायर (प्र. सहायक अभियंता) को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ योजना शाखा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही कु. शशि वारे (उप अभियंता) को जोन क्रमांक-3 में जोन कमिश्नर के निर्देशानुसार कार्य, श्रीमती प्रिया सिंह (उप अभियंता) को जोन क्रमांक-5 के साथ-साथ जोन क्रमांक-3 का अतिरिक्त प्रभार और गोपाल अग्रवाल (उप अभियंता) को जोन क्रमांक-7 के साथ-साथ जोन क्रमांक 8 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

---

# सीएमडी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान पर निकली जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सीएमडी महाविद्यालय में माय भारत एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकालकर की गई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो", "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत" जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को नशे से होने वाली सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में जानकारी दी गई। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ.ललित प्रकाश पटैरिया एवं डॉ. मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है और नशे से दूर रहकर ही एक स्वस्थ एवं विकसित भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त रहने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर दीपक सेठ, अरुंधति शर्मा, राजेश निराला, रामेश्वर पटेल, नरेश लहरे, प्रतीक्षा सिंह, हर्षित गुप्ता, लोकेश ओंगर, पुष्पराज मानिकपुरी, जितेंद्र डाकसेना आदि मौजूद थे।



### सिम्स का कमाल, महिला के पेट से निकाला फाइब्रॉइड

**बिलासपुर।** सिम्स अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डाक्टरों ने जटिल व जोखिमपूर्ण सर्जरी कर मरीज को नया जीवन दिया है।

दरअसल जीपीएम कह रहने वाली दुजी बाई 45 वर्ष को सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया था। उसे दो साल से पेट दर्द, अत्यधिक रक्तस्राव, कमजोरी एवं शारीरिक असहजता थीं। प्रारंभिक जांच एवं परीक्षण के दौरान डाक्टरों को गर्भाशय में 15×14 सेंटीमीटर का बड़ा सर्वाइकल फाइब्रॉइड पॉलीप होने की जानकारी मिली। यह गांठ संक्रमित व लगभग 27 सप्ताह के गर्भ के बराबर हो चुका था। पेट के निचले हिस्से, पेशाब की नली एवं किडनी में समस्या हो रही थी। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. संगीता रमन जोगी ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बनाई, कई घंटों की सर्जरी के बाद फाइब्रॉइड को निकला लिया गया है। सर्जरी में डॉ. संगीता रमन जोगी, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. रचना जैन, डॉ. सोमा वेंकट एवं वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. आकृति यादव का सहयोग रहा।

# केन्द्रीय शहरी राज्यमंत्री ने दिया 250 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र




**बिलासपुर।** रेलवे में आयोजित किए गए रोजगार मेले में केन्द्रीय शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने 250 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। शनिवार की सुबह नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट आडिटोरियम में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं एनईआई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 250 में से 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। शेष नियुक्ति पत्र विभागीय अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों की ओर से प्रदान किया गया। इनमें 230 उम्मीदवार रेलवे विभाग से और 20 उम्मीदवार अन्य विभाग केन्द्रीय वित्त और डाक विभाग से थे। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने सरकारी नौकरी प्रदान करने के उद्देश्य से शुरु किए गए रोजगार मेला अभियान की तारीफ करते हुए सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, महापौर पूजा विधानी, जोन महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

**नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जुलाई सत्र से प्रारंभ होगी, कौशल आधारित मिलेगी शिक्षा**

# ओपन यूनिवर्सिटी एआई व छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर शुरू करने जा रही रोजगारोन्मुखी कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी ने स्थानीय उद्योगों, बदलती तकनीकी जरूरतों और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ द्वारा कंप्यूटर साइंस, मैनेजमेंट एंड कामर्स तथा छत्तीसगढ़ी विषयों में कई नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इन नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जुलाई सत्र से प्रारंभ होगी।

इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीक, डिजीटल कौशल, उद्यमिता और क्षेत्रीय संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू किए जा रहे पाठ्यक्रम 6 माह के प्रमाण पत्र तथा 1 वर्ष के डिप्लोमा स्वरूप में संचालित किए जाएंगे। यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार इन कोर्सों से विद्यार्थियों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप यूनिवर्सिटी ऐसे पाठ्यक्रम विकसित कर रहा है जो विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं बल्कि रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर भी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीकी दक्षता, डिजिटल ज्ञान और स्थानीय संस्कृति की समझ समान रूप से आवश्यक है। यूनिवर्सिटी का प्रयास है कि युवाओं को आधुनिक तकनीक के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की भाषा, लोक संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान से भी जोड़ा जाए। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार और स्टार्टअप की दिशा में नई संभावनाएं प्रदान करेंगे।




#### छत्तीसगढ़ी: भाषा, साहित्य व लोक संस्कृति का संरक्षण

छत्तीसगढ़ी विषय में लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति अध्ययन, छत्तीसगढ़ी भाषा-साहित्य एवं संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य-संस्कृति तथा ट्राइबल लैंग्वेज जैसे पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रीय भाषा, लोक परंपरा, जनजातीय संस्कृति और छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा।

■ लोक साहित्य एवं लोक संस्कृति अध्ययन प्रमाणपत्र - 6 माह
■ छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति डिप्लोमा - 1 वर्ष
■ भारतीय ज्ञान परंपरा एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य-संस्कृति डिप्लोमा - 1 वर्ष
■ जनजातीय भाषा डिप्लोमा - 1 वर्ष

#### एआई क्लाउड से लेकर साइबर सिक्योरिटी तक

कंप्यूटर साइंस विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, साइबर स्पेस एवं डेटा प्रोटेक्शन, डेटा एनालिटिक्स तथा क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे आधुनिक एवं अत्यधिक मांग वाले कोर्स शामिल किए गए हैं। विश्वविद्यालय का मानना है कि इन पाठ्यक्रमों से विद्यार्थियों को आईटी एवं डिजिटल सेक्टर में रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

1 सर्टिफिकेट इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स एंड एप्लिकेशंस - 6 माह
2 सर्टिफिकेट इन एआई इन लिटरेचर - 6 माह
3 सर्टिफिकेट इन मशीन लर्निंग टूल्स एंड टेक्नीक्स - 6 माह
4 सर्टिफिकेट इन पाइथन प्रोग्रामिंग - 6 माह
5 सर्टिफिकेट इन साइबर स्पेस एंड डेटा प्रोटेक्शन - 6 माह
6 सर्टिफिकेट इन ई-ऑफिस मैनेजमेंट - 6 माह
7 सर्टिफिकेट इन एडवांस एक्सेल - 6 माह
8 सर्टिफिकेट इन डेटा एनालिटिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स - 6 माह
9 डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग - 1 वर्ष
10 डिप्लोमा इन क्लाउड कंप्यूटिंग एंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर - 1 वर्ष


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE One with the Sun
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.) 9630131550, 9039015615
ATUL PUBLICITY